हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025






## खबर संक्षेप

### वन्दे मातरम मित्र मंडल का दीपावली मिलन आज

**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल का दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर को शाम 4.59 पर शंख ध्वनि, हनुमान चालीसा के साथ प्रारंभ होगा। मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि दीपावली मिलन प्रियदर्शनी नगर (व्यापार बिहार रोड) स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है। श्री जैन ने मित्र मंडल के सभी मित्रों से केसरिया जैकेट में परिवार सहित उपस्थित होने की अपील की है।

### हरदेवलाल मंदिर में स्वास्थ्य शिविर आज

**बिलासपुर।** गायत्री शक्ति पीठ तथा माँ भगवती हरदेव लाल मंदिर गोल बाजार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 26 अक्टूबर को निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाई राइड, एच बी 1 सी, स्किन दाँत संबंधी रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में डॉ शुभाशीष महतो, डॉ आलोक सुल्तानिया, डॉ ऍम पी सामल, डॉ एस बी सिंह, डॉ गीता विश्वकर्मा तथा डॉ प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे।

### प्रभारी अधिष्ठाता ने किया सिम्स का निरीक्षण




**बिलासपुर।** प्रभारी अधिष्ठाता के द्वारा और सिम्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शनिवार की रात 8 बजे सिम्स की प्रभारी अधिष्ठाता डॉ अर्चना सिंह के द्वारा कैजुअल्टी एवं ट्रायजे वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मरीजों की चिकित्सकीय व्यवस्था, डाइट के बारे में उचित निर्देश दिए। आज छठ पूजा का प्रारंभ भी हुआ है। जिससे आज छठ घट और शहर में काफी भीड़ है, किसी भी प्रकार की अनहोनी को देखते हुए हॉस्पिटल में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए सभी चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। अधिष्ठाता के द्वारा छठ घाट में भी सिम्स की ओर से डॉक्टर की टीम, आवश्यक दवाइयों एवं एम्बुलेंस के साथ व्यवस्था की गई। उसका निरीक्षण भी किया गया।

# प्रदेश में अब बिलासपुर से ही मिलेगी प्रयागराज की फ्लाइट, रायपुर से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से दिल्ली समेत जबलपुर, प्रयागराज की फ्लाइट 26 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल के तहत उड़ान भरेगी। वहीं इस दौरान रायपुर से प्रयागराज के लिए मिलने वाली फ्लाइट का परिचालन इंडिगो एयरलाइन्स द्वारा बंद किया जा रहा है। ऐसे में महज बिलासपुर से ही प्रयागराज के लिए फ्लाइट मिलेगी, यह खबर बिलासपुर के लिए बेहद खास है। प्रयागराज तीर्थ दर्शन के लिए प्रदेश भर के लोगों को बिलासपुर से फ्लाइट पकड़नी पड़ेगी, जिससे यात्रियों की संख्या बढ़ना तय है।

विंटर शेड्यूल के लिए अलायंस एयर द्वारा बिलासपुर से दिल्ली के बीच केवल सप्ताह में 3 उड़ान उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा बिलासपुर से जबलपुर और प्रयागराज के लिए भी उड़ानों की संख्या में कमी कर दी गई है, लेकिन इस बीच 25 अक्टूबर से रायपुर से प्रयागराज के लिए इंडिगो की फ्लाइट बंद कर दी गई है, इसकी अंतिम फ्लाइट शनिवार को उड़ान भर चुकी है, वहीं विंटर शेड्यूल में यह फ्लाइट रायपुर से नहीं चलेगी, जाहिर है इससे बिलासपुर में प्रयागराज की फ्लाइट के लिए यात्रियों की भीड़ बढ़ना तय है।

विंटर शेड्यूल का परिचालन 26 अक्टूबर से किया जा रहा है। फ्लाइट दिल्ली से बिलासपुर पहुंचने के बाद जबलपुर के लिए उड़ान भरेगी, इसके बाद उसे जगदलपुर ले जाया जाएगा। लौटते हुए वहां से जगदलपुर से सीधा जबलपुर होते हुए दिल्ली चली जाएगी। खास बात यह है कि बिलासपुर से जगदलपुर और जबलपुर के लिए यात्री मिलना थोठा कठिन है। अलायंस एयर की फ्लाइट सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरूवार को ही चलेगी।

**इंडिगो ने की रायपुर से फ्लाइट बंद**

आज से विंटर शेड्यूल के तहत उड़ान भरेगी फ्लाइट




### बुध-गुरूवार को कोलकाता की फ्लाइट

विंटर शेड्यूल 26 अक्टूबर से 28 मार्च के बीच लागू होगा। अलायंस एयर ने हफ्ते में 4 दिनों के लिए शेड्यूल दिया है। जिसके अनुसार सोमवार से बुधवार को दिल्ली के लिए फ्लाइट मिलेगी, यह फ्लाइट वाया रूट से हो जाएगी। बुधवार व गुरूवार को बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट मिल सकेगी। विंटर शेड्यूल में शुक्र शनि और रविवार को एयरपोर्ट पर कोई फ्लाइट नहीं आएगी।




### जन आंदोलन को 6 साल पूरे

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति का आंदोलन 6 साल पूरा कर चुका है। 2019 में 26 अक्टूबर के दिन ही आंदोलन की शुरुआत की गई। आंदोलन के प्रभाव के चलते ही 1 मार्च 2021 को बिलासपुर में 3सी एयरपोर्ट में परिचालन शुरू हो सका है। समिति द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे बिलासा दाई मठ पचरी घाट में सुबह धरना दिया जाएगा। 11 बजे रैली निकालते हुए सहयोगी संगठनों के साथ धरना दिया जाएगा। गौरतलब समिति द्वारा महानगरों तक सीधी उड़ान और 4सी एयरपोर्ट को लेकर भी संघर्षशील है।

### बुलडोज़र चलाने के दौरान दिन भर हंगामे और विवाद की स्थिति बनी रही, आक्रोश भी

# जवाली नाले पर बड़ी कार्रवाई, 40 से अधिक मकान व दुकानों को तोड़ा गया






**कुछ देर के विरोध के बाद कई लोगों ने तो अपने कब्जे खुद ही तोड़े और सामान हटाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को जवाली नाले पर बड़ी कार्रवाई की और बुलडोज़र चलाते हुए 40 से अधिक कब्जों को तोड़ डाला। इस दौरान इलाके में भारी विवाद की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक टीम को रोकते हुए कहा कि "हमारे पास 30 साल पुरानी रजिस्ट्री है, जमीन नंबरी है," लेकिन अधिकारियों ने सीमांकन रिपोर्ट का हवाला देते हुए काम जारी रखा। कुछ देर की विरोध के बाद कई लोगों ने तो अपने कब्जे खुद ही तोड़े और सामान हटाए। शाम तक कई मकान, दुकानें और बाउंड्री वॉल ढहा दी गईं, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर चार आरआई, पांच पटवारी और एक सब इंजीनियर की टीम ने तेलीपारा रोड तक नाले की नापजोख की थी। रिपोर्ट में पाया गया कि 40 मकान, दुकानें और प्लॉट नाले की जमीन पर बने हुए हैं। इसमें कुछ ने 3 से 7 फीट तक, तो कुछ ने 50 फीट तक सरकारी जमीन पर निर्माण कर रखा था। इसी रिपोर्ट के आधार पर निगम ने शनिवार को नोटिसधारकों के निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान प्रभावित लोगों ने जमकर विरोध किया। उनका कहना था कि उनके पास तीन दशक पुरानी रजिस्ट्री और नंबरी जमीन के दस्तावेज़ हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि यह पूरा अभियान "एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए" चलाया जा रहा है, जो पास की चार एकड़ जमीन पर प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी में है।

### स्थिति बिगड़ी तो पुलिस ने सख्ती दिखाई

निगम ने जब सीमांकन करने के दौरान 2 से 3 मीटर तक अवैध निर्माणों पर रेड मार्किंग की थी। शनिवार सुबह निगम की अतिक्रमण निवारण टीम भारी पुलिस बल के साथ जब जवाली नाले पहुंची, तो कई लोगों ने अपनी जमीन को खरीदी हुई बताते हुए विरोध करना शुरू किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी। निगम अधिकारियों ने सीमांकन रिपोर्ट का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके बाद टीम ने कई मकानों, दुकानों और बाउंड्री दीवारों को तोड़ना शुरू किया। ध्यान रहे कि इस नाले पर सड़क 2020 में बनी थी। उसी दौरान दोनों तरफ रेलिंग भी बनाई गई थी। 2021-22 में पहली सीमांकन रिपोर्ट में भी 40 से अधिक कब्ज़े चिह्नित थे।

### सीमांकन रिपोर्ट तक नहीं देने का आरोप

क्षेत्र के कई व्यापारियों ने कहा कि सीमांकन की फाइल या रिपोर्ट की कॉपी तक नहीं दी जा रही, बस जगह खाली कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। ध्यान रहे कि निगम ने प्रकाश आडवाणी, गोपी गंगवानी और अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की है। सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की पर कार्रवाई नहीं की। कुछ रसूखदारों ने नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया है।

### क्षेत्र में तनाव और विरोध का माहौल

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और विरोध का माहौल है। कई परिवारों के मकान और दुकान टूटने से आक्रोश है। इस दौरान लोगों ने निगम के अफसरों पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। वहीं, निगम के अफसरों ने कहा कि अभी अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। केवल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों का अतिक्रमण हटाया जा रहा है। बता दें कि यहां एक व्यापारी ने बिना अनुमति के चार मंजिला कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बना लिया है, जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। करीब एक महीने पहले नगर निगम ने जवाली पुल के पास नजूल की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण पर निगम ने बुलडोजर चलाने का दावा किया। इस दौरान अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई लेकिन, राजनीतिक दबाव में कार्रवाई रोक दी गई।

# एक्टिवा में 5 सवारी फर्राटे मारते युवकों का वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** युवकों द्वारा ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जान जोखिम में डालकर बाइक, चार पहिया में स्टंट किया जा रहा है। एक बार फिर शनिवार को सोशल मीडिया में शहर के अंदर एक्टिवा में 5 सवारी फर्राटे मारते युवाओं की वीडियो वायरल हो रहा है।

पिछले कुछ समय से शहर में युवाओं के द्वारा खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शहर के चारों ओर आईटीएमएस के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। उसके बावजूद खुले आम नियमों की धज्जियां उड़ाकर अपनी व लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी युवा ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक्टिवा में 5 सवारी युवाओं का फर्राटे मारते वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में बताया जा रहा है, यह वीडियो सरकण्डा के नए पुल का है। ज्ञात हो कि दीपावली के दिन लोखंडी ओवरब्रिज के नीचे नेशनल हाइवे में बाइक खड़ी कर रील बनाते 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व मस्तूरी रोड में चार पहिया वाहनों के खिड़की, सनरूप से बाहर निकलकर रील बनाने वाले व सकरी बाइपास में नेशनल हाइवे में कतार से फारर्चूर खड़ी कर रील बनाने वालों पर कार्रवाई की गई थी।



### मृतक के भाई ने टी शर्ट से की पहचान, पुलिस का 6 सदस्यीय जांच दल गठित

# सेंट्रल विवि परिसर तालाब में मिली लाश लापता छात्र की ही निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में मिली लाश विवि के हास्टल से लापता छात्र की ही निकली, मृतक के छोटे भाई ने टी शर्ट से लाश की बड़े भाई के रूप में पहचान की है। मृतक के माता पिता बिहार से बिलासपुर के लिए रवाना हो गए हैं, रविवार को उनके द्वारा शिनाख्त किए जाने के बाद लाश का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। देर रात एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है।

गुरुवार की शाम जीजीयू परिसर स्थित एक तालाब में युवक की लाश मिली थी, कोनी पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम की सहायता से शव बाहर निकलवाकर मरच्यूरी में रखवा दिया था। पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराने का आरंभिक प्रयास किया था, परन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। इस बीच शुक्रवार को विवि परिसर में एक छात्र के दो दिनों से लापता होने की जानकारी सामने आने से सनसनी फैल गई। मूलतः बिहार पटना निवासी असलम अंसारी फिजिक्स थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। छात्र के लापता होने की जानकारी मिलने पर उसके साथियों ने तलाश शुरू की, इन्होंने लापता छात्र के परिजन से संपर्क किया तो पता चला कि वह अपने घर नहीं पहुंचा है। इस बीच विवि में टी शर्ट के आधार पर तालाब में मिली लाश उक्त छात्र की ही होने की आशंका जताई जाने लगी। विवि परिसर में चर्चा शुरू होने से हंगामा मच गया। जानकारी के अनुसार रात में विवि के अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई गई।



### ऐसे हुई पहचान

कोनी पुलिस थाना के विवेचक रमेश पटनायक ने बताया कि शनिवार को बिहार पटना निवासी अय्यूब अंसारी कोनी थाने में उपस्थित हुआ। उसने बताया कि उनके पिता ने लगातार बड़े भाई असलम अंसारी से संपर्क करने का प्रयास किया, परन्तु वह फोन रिसीव नहीं कर रहा है। अय्यूब ने बताया कि उसे यहां जानकारी लेने भेजा गया है। पुलिस उसे सिम्स के मरच्यूरी लेकर गई, वहां लाश व कपड़े दिखाए गए। लाश सड़ जाने के कारण पहचान वह पहचान नहीं कर पा रहा था, परन्तु टी शर्ट देखकर उसने लाश की पहचान अपने बड़े भाई असलम अंसारी के रूप में की है। उसके माता पिता बिलासपुर के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार को उनके द्वारा पुनः लाश की शिनाख्त की जाएगी, उसके बाद उसका पोस्टमार्टम होगा।

### छात्रों ने की विशेष जांच की मांग


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आज इसी मुद्दे को लेकर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने की मांग की जो वास्तविक तथ्यों को उजागर करें। इसी तरह परिसर में रात्रिकालीन पुलिस गश्त और सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई है। इसी तरह जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भी मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है। उन्होंने छात्र के तालाब में डूबने के मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विवि प्रबंधन ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई।

### जांच में पहुंची पुलिस, हास्टल के रूम को किया सील

इस मामले को लेकर पुलिस आज गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची। पुलिस ने ब्वायस हास्टल में उस कमरे को सील कर दिया है, जिस हास्टल में रहने वाला छात्र गायब हुआ था। पुलिस ने उस हास्टल वार्डन समेत अन्य स्टाफ से पूछताछ भी की। यूनिवर्सिटी हास्टल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को चेक किया जा रहा है।

### एसएसपी ने गठित किया जांच दल

विवि परिसर के तालाब में मिली लाश लापता छात्र की होने की जानकारी मिलने व छात्र नेताओं की मांग पर एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय दल का गठन किया है। यह जांच दल मामले की सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। सीएसपी को जांच दल का प्रमुख बनाया गया है। जांच के बाद मामले का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।



## खबर संक्षेप

### भरनी में जसगीत प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण आज

**बिलासपुर।** ग्राम भरनी में आदर्श नवयुवा मां काली सूर्या समिति द्वारा 26 अक्टूबर को जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन शाम 5 बजे से किया जा रहा है। इसमें प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। वहीं प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 27 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी जसगीत मंडलियों का समिति द्वारा श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया जाएगा। महिला मंडलियों के लिए समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। जसगीत मण्डली का वेषभूषा, झांकी का वेषभूषा में प्रवेश, समय का चयन समिति तय करेगी। गायक अपना वाद्ययंत्र स्वंय लाएंगे। बाहर से आने वाले जसगीत मंडलियों के भोजन की व्यवस्था समिति करेगी है। जसगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए नकद व शील्ड चैलेंज -आदर्श नवयुवा माँ काली समिति द्वारा दी जाएगी। द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए नकद व शील्ड चैलेज- स्व सुशीला देवी दुखीराम गुरूजी की स्मृति में उनके पुत्र कुलदीप सोनवानी द्वारा दिया जाएगा। तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए नकद व शील्ड चैलेज-स्व. राधादेवी मयाराम अनुरागी की स्मृति में उनके पुत्र संतोष अनुरागी द्वारा प्रदत्त दिया जाएगा। इसी तरह चतुर्थ पुरस्कार 701 रुपए का पुरस्कार व शील्ड चैलेज-स्व. उमाकांत खेर की स्मृति में उनके पुत्र विशाल खेर द्वारा दिया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार समिति द्वारा बेस्ट वादक, बेस्ट झांकी वाले, अनुशंसित जसगीत मण्डलियों को दिया जाएगा। यह पुरस्कार वितरण 27 अक्टूबर को 7 बजे मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी द्वारा किया जाएगा। मंच का संचालन संतोष अनुरागी एवं संजय खेर द्वारा किया जाएगा।

### मोदी की गारंटी को पूरा कराने पुनः ध्यानाकर्षण ज्ञापन 29 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा के सभी मुद्दों को लेकर संघ तथा संघ से संबद्ध संगठनों द्वारा 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा एवं जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। इस सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है किन्तु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा पर अमल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम अभी भी केन्द्रीय कर्मचारियों से 3% प्रतिशत पीछे हैं तथा कोई भी महंगाई भत्ता की घोषणा देय तिथि से नहीं हो रही है। देश के अन्य भाजपा शासित राज्य अपने कर्मचारियों को केन्द्र के समान जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते के भुगतान की घोषणा आदेश कर चुकी हैं। इसके साथ ही हमारी सरकार ने प्रदेश के अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को भी कमेटी गठित कर 100 दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था जिस पर भी निर्णय नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा राज्य जहां कर्मचारियों की संख्या हमारे यहां से लगभग तीन गुना ज्यादा है वहां की सरकार अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि जुलाई 2025 से 58% डी.ए. की घोषणा के साथ ही बोनस भी दे रही है।

### निगम ने नहीं बनाया, लोगों ने की सड़क की मरम्मत



**बिलासपुर।** बारिश में जगह जगह सड़कें उधड़ गई हैं, सड़कों पर भारी भरकम गड्ढे हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं, बारिश समाप्त होने के बाद भी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है। मसानगंज में सरजू बगीचा चौक के पास सड़क पर भारी भरकम गड्ढा हो गया था, इस गड्ढे के चलते लगातार दुर्घटनाएं हो रही थीं, रात के अंधेरे में दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे थे। लोग लगातार इस गड्ढे की मरम्मत करने की मांग कर रहे थे, लेकिन निगम अमले ने ध्यान नहीं दिया, अंत में थक हारकर मोहल्ले के लोगों ने ही इस गड्ढे पर मलबा और मिट्टी भरकर इसकी मरम्मत की है। इस सड़क की तरह शहर की कई अन्य सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। खराब सड़क पर कहीं कीचड़ फैल रहा है तो कहीं धूल के गुबार उड़ रहे हैं, उसके बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है।

**31 दिसंबर तक हो सकेगा निर्माण पूरा** | **शिवघाट व पचरीघाट बराज में कुछ काम अभी अधूरे**

# अरपा के दोनों बैराज का काम अधूरा, इस साल भी नहीं रुक सकेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर





अरपा नदी में बारह महीने जलभराव के उद्देश्य से बनाए जा रहे दोनों बराज फिलहाल पूर्ण नहीं हो सके हैं। शिवघाट बराज का कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण हो पाने की बात कही जा रही है। अरपा नदी में चूंकि जलप्रवाह अक्टूबर माह तक ही रहता है, लेकिन यह समय भी अब लगभग निकल चुका है, जिससे इस साल बराज में अब जलभराव की संभावना नहीं दिखाई पड़ रही है।

खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा शहर में अरपा नदी पर दो बराज बनाए जा रहे हैं। बराज निर्माण का प्रमुख उद्देश्य अरपा नदी में बाहरों महीने जलभराव बरकरार रखना है। विभाग द्वारा दो महीने पहले शिवघाट बराज की सफल टेस्टिंग भी की गई थी, लेकिन यहां अपस्ट्रीम एवं डाऊन स्ट्रीम में प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण जारी है। इसी तरह एसटीपी मंगला से सरकंडा के बीच बराज पर करीब छह सौ मीटर बाईपास सड़क का निर्माण भी किया जाना है, जो कि अभी टेंडर की प्रक्रिया में है। इन कार्यों के 31 दिसंबर तक पूर्ण हो पाने की संभावना जाहिर की जा रही है। इसी तरह पचरीघाट बराज में भी गेट एवं एप्रोच रोड का निर्माण किया जाना है। विभाग के अनुसार अरपा नदी में अक्टूबर अंत तक जल प्रवाह रहता है, जिससे उम्मीद की जा रही थी कि बराज के सारे कार्य पूर्ण कर लिए जाने की दशा में अक्टूबर अंत तक गेट बंद करने से जलभराव हो जाएगा। जबकि अभी बराज के कार्य पूर्ण नहीं हो सके हैं। ऐसी स्थिति में अरपा नदी में जलभराव अब आने वाले वर्ष में बारिश के दौरान देखा जा सकेगा।

### 40 अतिक्रमणकारियों का विस्थापन शेष

शिवघाट बराज की टेस्टिंग के दौरान आसपास के 40 घरों में पानी प्रवेश कर गया था। नगर निगम एवं सिंचाई विभाग के संयुक्त सर्वे के दौरान सभी के बेजा कब्जा कर रहने की जानकारी मिली थी। इन सभी को अब कोनी स्थित अटल आवास में शिफ्ट किया जाना है। शिफ्टिंग की प्रक्रिया नवंबर से प्रारंभ होकर दिसंबर अंत तक पूर्ण कर लिए जाने की संभावना बताई जा रही है।

### 31 दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे काम

शिवघाट बराज में कुछ कार्य अभी प्रगति में हैं, जो 31 दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। बराज के आसपास 40 बेजा कब्जाधारी हैं, जिनकी नवंबर में कोनी स्थित अटल आवास में शिफ्टिंग की जानी है।

**-पीएन श्रीवास्तव**
एसडीओ खारंग डिवीजन

**नागपुर महाराष्ट्र के संत दामोदर दास का दिव्य सत्संग**

# झूलेलाल मंदिर के स्थापना दिवस पर कलाकारों ने दी संगीत की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

श्री झूलेलाल मंदिर का 49 वां स्थापना दिवस पर नागपुर महाराष्ट्र के संत दामोदर दास का दिव्य सत्संग का आयोजन श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में किया गया। कटनी से आई आ का श म्यूजिकल पार्टी के कलाकारों ने भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में ध्वज वंदन, भगवान झूलेलाल व बाबा गुरमुख दास की मूर्ति पर पुष्प अर्पण, पूज्य बहराणा साहब की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। देवपुरी रायपुर से दादी मीरा साहिबा एवं पार्षद अमर गिद्वानी रायपुर, विधायक धरमलाल कौशिक ने मंदिर पहुंच कर मंदिर स्थापना दिवस की श्री सांई को शुभकामनाएं देकर उनका सम्मान किया। अतिथियों का बाबा गुरु मुखदास सेवा समिति की ओर से स्वागत किया गया, दादी मीरा साहिबा व संत दामोदर दास सांई ने ज्ञान रूपी सत्संग से भक्तों को रसपान कराया और बताया कि 84 लाख योनियों में सर्वोत्तम योनी मनुष्य जीवन है। इसे यूं ही व्यर्थ ना गवाएं। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारी निभाते हुए प्रभु की भक्ति में भी ध्यान लगाएं। अंत समय में यही काम आएगा। स्वाध्याय से जीवन सफल होगा। मोबाइल का ज्ञान सिर्फ चंद मिनट के लिए होता है। किताबों का ज्ञान जीवन भर साथ देता है। प्रभु का नाम जपने वाला हर समय खुश रहता है। अलग-अलग प्रसंग के माध्यम से श्री दामोदर ने बताया कि सुख, शांति सत्संग कीर्तन में है। यह बाजार में खरीदने से नहीं मिलेगी। अंत में उन्होंने भक्तिमय भजन गाए। संत सांई लाल दास ने सांई दामोदर तो दामोदर दास ने संत लाल दास का सम्मान किया। आखिर में पलों पाकर प्रसाद वितरण किया गया।



भक्ति संगीत पर नृत्य करते सिंधी समाज के लोग।

पूरे आयोजन को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, श्री झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

**धनतेरस पर नहीं हुई जमीन, मकान की रजिस्ट्री**

# लगातार अवकाश से पंजीयन कार्यालय को हुआ 5 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दीपावली के दौरान शुभ मुहूर्त में रजिस्ट्री कराने वालों की हर साल पंजीयन कार्यालय में भीड़ रहती थी और 4-5 दिनों की रजिस्ट्री में पंजीयन कार्यालय को 5-6 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो जाता था, लेकिन इस बार पंजीयन विभाग दीपावली में रजिस्ट्री से नहीं कमा पाया है। लगातार अवकाश पड़ने के कारण त्यौहार के समय यहां तक धनतेरस में भी जमीन, मकान की रजिस्ट्री नहीं हुई।

- **हर साल त्यौहार में रजिस्ट्री कराने वालों की उमड़ती थी भीड़**

पंजीयन कार्यालय के लिए नवरात्रि पर्व से लेकर दीपावली त्यौहार कमाई के दृष्टि से काफी अच्छा जाता है। लोग नवरात्रि के दौरान अचल संपत्ति जमीन, मकान की रजिस्ट्री कराते हैं। उसी तरह दीपावली त्यौहार के शुभ मुहूर्त में भी हर साल पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगती थी। लोग दीपावली त्यौहार के समय शुभ मुहूर्त मानते हैं, इसलिए उसी बीच जमीन, मकान रजिस्ट्री कराना पसंद करते हैं। दीपावली त्यौहार के आसपास चार-पांच दिनों में ही पंजीयन कार्यालय 5-6 करोड़ का राजस्व रजिस्ट्री से प्राप्त कर लेता था। यहां तक धनतेरस के दिन रजिस्ट्री कराने लोग पहले स्लॉट बुक कराकर रखते थे और धनतेरस अवसर पर जमीन रजिस्ट्री कराने को शुभ मानते थे। लेकिन इस बार धनतेरस त्यौहार शनिवार अवकाश के दिन पड़ गया और चौदस रविवार रहा तथा सोमवार को दीपावली त्यौहार का अवकाश रहा, उसके बाद मंगलवार को गोवर्धन पूजा की छुट्टी थी। इस तरह लगातार चार दिनों तक पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का काम बंद रहा। इसके पश्चात बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिनों की कार्यालयीन दिवस में त्यौहार की खुमारी रही और बहुत ज्यादा लोग जमीन रजिस्ट्री कराने नहीं आए। इस तरह से देखा जाए तो अवकाश के चलते पंजीयन कार्यालय को लगभग लगभग पांच करोड़ राजस्व का नुकसान हुआ है।

### छोटे प्लाट की रजिस्ट्री बंद

छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री बंद होने से भी पंजीयन विभाग को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। राज्य सरकार ने पांच डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। रमन सिंह सरकार में भी इन छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगाई थी। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने छोटे प्लाट की रजिस्ट्री से प्रतिबंध हटा दिया था। उसके बाद पंजीयन कार्यालयों में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ गई थी।

### राजस्व का हुआ है नुकसान

इस बार लगातार चार दिनों तक छुट्टी के चलते जमीन रजिस्ट्री कार्य बंद रहा और उसके बाद कार्यालय खुलने के बाद ज्यादा रजिस्ट्री नहीं हो पाई है। इस बार लगातार त्यौहार में अवकाश पड़ने के कारण पंजीयन कार्यालय को राजस्व का नुकसान हुआ है।

**- राजीव स्वर्णकार,** जिला पंजीयक

# एलपीजी वितरक संघ का धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सार्वजनिक तेल कंपनी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल के एलपीजी वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 24 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन प्रारंभ कर दिया।

एलपीजी वितरक एसोसिएशन ने बताया कि भारत सरकार की तीनों सार्वजनिक तेल कंपनियों के एलपीजी वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 24 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। 24 अक्टूबर आंदोलन के प्रथम चरण में सभी वितरक व उनके कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्टर के माध्यम से सचिव पेट्रोलियम मंत्रालय को ज्ञापन सौंपा। संघ के एस साई प्रसाद ने बताया कि आंदोलन का द्वितीय चरण 29 शाम 7 बजे प्रारंभ होगा। इसमें सभी वितरक अपने जिला मुख्यालय पर मसाल मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन का तृतीय चरण 6 नवंबर गुरुवार न पैसा जमा करेंगे न इंडेंट करेंगे। अंतिम चरण में यदि एलपीजी वितरक के सेवा शुल्क एवं होम डिलीवरी प्रभार में वृद्धि नहीं की गई तो एलपीजी वितरक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा करेंगे। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोशिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों ने बताया कि भारत गणतंत्र के सभी वितरक अपनी मांगों को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करने के लिए विवश है क्योंकि भारत सरकार द्वारा महंगाई के अनुपात में उनके द्वारा की जा रही होम डिलीवरी एवं प्रशासकीय शुल्क में लंबे समय से वृद्धि नहीं की गई है, जिससे वितरक अपनी बेहतर सेवा देने में कठिनाइयों का सामना कर रहा है।



एक सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते एलपीजी वितरक संघ के पदाधिकारी।

एसोसिएशन ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि उनकी मांगों को तुरंत स्वीकार करने का कष्ट करें अन्यथा अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के अलावा उनके पास और कोई विकल्प नहीं होगा।

# स्वदेशी मेलाः कार्यकर्ताओं को सौंपा गया दायित्व

**बिलासपुर।** सीबीएमडी व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले स्वदेशी मेला के कार्यकर्ताओं के बीच विभागवार दायित्वों का वर्गीकरण किया गया।

मेला के संयोजक गुलशन ऋषि की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। विशेषकर मेला काल में बिजली, पानी, ट्रैफिक व्यवस्था के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। मंच के संभागीय संयोजक डॉ सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इसे मेले में लगभग तीन सौ से भी अधिक दुकानें लगेंगी जिनमें पूरी तरह से स्वदेश में निर्मित वस्तुओं के स्टॉल लगेंगे। मेला स्थल पर ऑटो एक्सपो सहित मनोरंजन के साधन के रूप में विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके आलावा स्थानीय प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति चित्रकला, रंगोली वाइस ऑफ़ बिलासपुर इत्यादि प्रतियोगिताएं होंगी । बैठक में मेले में आमंत्रण के लिए अतिथियों के नाम, साथ ही व्यवस्था के निमित्त प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर मेला संयोजक गुलशन ऋषि, सुब्रत चाकी, डॉ सुशील श्रीवास्तव, जी आर जगत, अरुणा दीक्षित, सौमित्र गुप्ता, नीता श्रीवास्तव, विजय ताम्रकार, दीप्ती बाजपेई, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, उचित सूद, लता गुप्ता, प्रणव शर्मा, अभिजीत मित्रा, जूही जैन, सुशांत द्विवेदी, नारायण गिरी गोस्वामी, चानी, स्वागता, ऋषभ, महर्षि, विवेक सहित स्वदेशी मेला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# आरएसएस राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना को प्रज्वलित करता है : अमर

**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अपने नियमित फेसबुक लाइव कार्यक्रम "संवाद" के 11वें संस्करण में इस बार "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष" विषय पर चर्चा की। श्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बीते सौ वर्षों में भारत की आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है।



संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा विचार है जो हर भारतीय के भीतर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना को प्रज्वलित करता है। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। जिसका उद्देश्य भारत की संस्कृति, एकता और आत्मगौरव की रक्षा करते हुए "हिंदू समाज के संगठन" के माध्यम से राष्ट्रशक्ति का निर्माण करना था। श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर विभाजन, प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध और कोविड महामारी तक हर संकट में संघ के स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ सेवा और अनुशासन का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में संघ की नींव वर्ष 1929 में रायपुर के तिलक नगर से रखी गई थी। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1855 से अधिक शाखाएँ सक्रिय रूप से संचालित हो रही हैं। संघ के शताब्दी वर्ष (1925–2025) के अवसर पर देशभर में विशेष कार्यक्रम चल रहे हैं — जिनमें विजयादशमी उत्सव, गृह संपर्क अभियान, युवा सम्मेलन, सद्भाव बैठक और शाखा विस्तार जैसे आयोजन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश का इतिहास सदैव गौरवशाली रहा है। एक समय भारत "सोने की चिड़िया" के नाम से जाना जाता था। उस युग की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने का कार्य संघ ने किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण आज भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 100 वर्ष पूर्व उन्होंने जिन चुनौतियों को पहचानकर संघ की स्थापना की थी, वही आज भारत के आत्मविश्वास की आधारशिला बनी है।

# इंटर बिल्हा चैंपियंस ट्रॉफी सीजन -2 का शानदार आगाज

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लॉक के शिक्षा विभाग के कर्मचारी एवं शिक्षकों का दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल के बेस बाल मैदान में किया जा रहा है। पहले मैच में बिल्हा अवेंजर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 112 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया था। स्कोर का पीछा करते हुए बिल्हा हंटर की टीम निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 102 रन ही बना पाई इस तरह से बिल्हा अवेंजर्स की टीम 10 रन से मैच जीत गई इस मैच में मुकेश कश्यप को उसके ऑलराउंड परफॉर्मेंस 29 गेंदों पर 64 रन एवं 1 विकेट के आधार पर मैन ऑफ द मैच दिया गया।

दूसरा मैच बिल्हा ब्लास्टर वर्सेस बिल्हा वॉरियर्स के बीच में खेला गया जिसमें बिल्हा वॉरियर्स ने मैच को एक तरफ करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की इस मैच में सौरभ मजूमदार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तीसरा मैच बिल्हा ब्लास्ट वर्सेस बिल्हा अवेंजर्स के बीच में हुआ जिसमें बिल्हा अवेंजर्स ने 70 रनों के लक्ष्य को 1 विकेट के नुकसान पर पांच ओवर में हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। आज के दिन का अंतिम मैच बिल्हा हंटर वर्सेस बिल्हा वॉरियर्स के बीच में खेला गया जिसमें बिल्हा हंटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 117 रन का लक्ष्य निर्धारित किया निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए बिल्हा वॉरियर्स की टीम 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाया।इस तरह बिल्हा हंटर ने 32 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच 58 रन और दो विकेट लेने वाले अख्तर खान रहे।

प्रार्थना सभा

जय जिनेन्द्र | जय जिनेन्द्र

परस्परोपग्रहोजीवानाम् | परस्परोपग्रहोजीवानाम्



स्व. श्रीमती भावना बेन किर्ती भाई गांधी

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती भावना बेन किर्ती भाई गांधी का निधन दिनांक 25.10.2025 शनिवार सुबह 5 बजे हो गया है।
जिनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा रखी गई है।

समय- सुबह 9:30 बजे से 10:30 तक कल दिनांक 27-10-2025 सोमवार
स्थान :- श्री गुजराती समाज भवन, टिकरापारा, बिलासपुर

शोकाकुल :-
किर्ती भाई गांधी (पति), भावेश गांधी (पुत्र),
मधुकर गांधी, जितेन्द्र गांधी,
दीपक गांधी (देवर),

फर्म :- दार्जिलिंग टी कं.,
मेनरोड जवाली पुल, बिलासपुर
मो. 8349404886
जेकेस कंपनी, तिफरा, बिलासपुर
मो. 9425220522

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना कर मांगी प्रदेश व समाज की खुशहाली





# अरपा की महाआरती के साथ छठ महापर्व का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**सूर्योपासना का पर्व छठ महापर्व का शुभारंभ शनिवार को नहाय-खाय से हुआ। शाम को केन्द्रीय राज्य मंत्री, विधायक सहित अन्य विशिष्टजनों व श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति में अरपा मइया की महाआरती की गई। इस दौरान 21 सौ दीयों का दीपदान किया गया। इन दीयों की रौशनी से पूरा घाट जगमगा उठा।**

छठ पूजा 25 से 28 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। यह चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार को नहाय-खाय से शुरू हुआ। व्रती नहाय खाय से अपने को शुद्ध कर लौकी की सब्जी, चने का दाल, अरवा चावल का सात्विक भोजन ग्रहण किए। उषा अर्घ्य के साथ 28 अक्टूबर को यह पर्व समाप्त होगा। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है और मुख्य रूप से कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक मनाया जाएगा।

छठपूजा समिति ने बताया कि माता अरपा की महाआरती पिछले एक दशक से की जा रही है। इसका उद्देश्य अरपा व पर्यावरण को शुद्ध रखने बिलासपुर की जनता से अपील करना, माता अरपा को साल भर कचरा व प्लास्टिक विहिन एवं शुद्ध रखना है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा को लेकर शहर के लोगों में काफी आस्था बढ़ी है।

### बिजली व दीयों की रौशनी से जगमगाया घाट



### अरपा को दें माता का दर्जा

आरती के पूर्व मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच पर अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण छठ पूजा समिति के प्रवीण झा दिया। भूमिका आयोजन को लेकर संरक्षक एसपी सिंह ने अपने विचार रखे और छठ घाट का इतिहास महाआरती शुरू करने की भावना को लेकर पूरी बातें बताई और बिलासपुर की जनता से अपील की कि 365 दिन हम लोग अरपा को माता का दर्जा दें। साल में आरती के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे और पर्यावरण तथा जल को शुद्ध रखने के लिए अपील करें। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य अभय नारायण राय एवं आभार प्रदर्शन समिति के डॉ धर्मेंद्र दास ने किया। मंच पर अतिथियों के अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केसरवानी, राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक, महेश दुबे, महेश चंद्रिकापुरे, मनीष अग्रवाल, पार्षद जय वाधवानी, पार्षद ध्रुव कोरी, अजय यादव, बीपी सिंह, स्मृति जैन, किरण सिंह, एमपी शर्मा, अपोलो अस्पताल से अभय कुमार गुप्ता, देवेश गोपाल, समाज के एसपी सिंह, एसके सिंह, बृजेश सिंह, विजय ओझा, भाजपा नेता बीपी सिंह उपस्थित थे।

### श्रमदान में भाग लेने की अपील

छठ पूजा समिति के प्रवीण झा ने सभी छठ भक्तों और समिति के पदाधिकारियों से अपील की है कि 26 अक्टूबर को सुबह 7 बजे छठ घाट पर श्रमदान से सफाई की जाएगी। सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रमदान में भाग लें और छठ घाट की सफाई में अपना योगदान दें। अंत में छठ पूजा समिति के प्रवीण झा, डॉ धर्मेंद्र दास, अभय नारायण राय, सुधीर कुमार झा और बी एन ओझा ने सभी अतिथियों एवं नागरिकों का छठ घाट पर उपस्थित होकर महा आरती में शामिल होने के लिए आभार प्रदर्शन किया।

### शांति व खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

महाआरती के प्रमुख अभ्यागत श्री श्री 1008 त्यागी प्रेमदास महाराज के सानिध्य में विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक दिलीप लहरिया जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, गोरखपुर उत्तरप्रदेश के पूर्व सांसद इंजीनियर प्रवीण कुमार निषाद की उपस्थिति में इन सब के कर कमलो से छठ पूजा समिति के प्रवीण झा, धर्मेंद्र दास, अभय नारायण राय, सुधीर कुमार झा, बीएन ओझा, संरक्षक एसपी सिंह, एसके सिंह, बृजेश सिंह ने माता अरपा की महाआरती कर बिलासपुर एवं प्रदेश के लिए शांति और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। माता से प्रार्थना की कि तीन दिन का यह पर्व उनकी कृपा से विधिवत संपन्न हो जाए।

### सेंदरी में होगी छठ पूजा

छठ महापर्व सेवा समिति सेंदरी में छठ पूजा आयोजित की जा रही है। जिसमें 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य एवं 28 अक्टूबर को प्रातः उगते सूर्य को अर्द्ध दिया जाएगा। ज्ञात हो कि कोनी, सरकंडा, सेंदरी, मंगला, उसलापुर, लोखड़ी के ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से छठ महापर्व सेवा समिति द्वारा कोनी-सेंदरी मुख्यमार्ग पर छठ पूजा के लिए घाट बनाया गया है। छठ पूजा में अतिथि के रूप में सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा शामिल होगें। टैगोर गुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टरों ने छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी है। छठपूजा को सफल बनाने जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का सहयोग मिल रहा है। समिति के सदस्य संजय सिंह राजपूत, दीपक सिंह, रजनीश सिंह राजपूत, कौशल सिंह, अनिल, सत्यजीत सिंह ने लोगों को छठ पूजा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### अरपा की सफाई के लिए हैं प्रयासरत

वे छठ पूजा में लगातार उपस्थित हो रहे हैं। माता अरपा की सफाई व पर्यावरण को लेकर हम सब बहुत चिंतित हैं। सरकार के माध्यम से हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि माता अरपा का पर्यावरण शुद्ध हो। गंदे पानी के निकासी अलग की जाए। आज यदि हम माता अरपा की आरती कर रहे हैं तो साल भर माता का दर्जा रहे, स्वच्छ रहें यही आरती का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य अभियान की सोच ही है कि हमारे नदी, नाले, तालाब स्वच्छ रहे। शहर स्वच्छ रहे। हमारा मन और हमारा तन दोनों स्वच्छ रहे तभी इसका लाभ पूरे समाज को मिलेगा।

### छठ पूजा गर्व की बात

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह ने कहा कि जब भी छठ पूजा को लेकर कुछ प्रस्ताव आएगा वे उसे प्राथमिकता के साथ लेंगे। यह आयोजन बिलासपुर के लिए गर्व की बात है। छठ पूजा समिति छठ माता के भक्तों के लिए छठ भक्तो के लिए महीनो मेहनत कर साफ सफाई करते हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस प्रशासन भी बधाई के पात्र हैं कि समिति के साथ पूरा सहयोग करते हैं। कार्यक्रम को विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया।

### है व्यवस्थित छठघाट

निषाद पार्टी के पूर्व सांसद गोरखपुर प्रवीण कुमार निषाद ने कहा कि उनके द्वारा यूपी सहित कई जिलों का दौरा किया गया है पर इतना अच्छा व्यवस्थित छठघाट कहीं नहीं देखने को मिला है। उत्तर भारत से निकल कर बिलासपुर में इस तरह का अदभूत घाट बनाना बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने जीवन में पहली बार इतना भव्य आयोजन, एक साथ लंबा और पक्का घाट देखा है। उत्तरप्रदेश, बिहार, दिल्ली में बहुत से घाट बनाए जाते हैं लेकिन वहां अस्थाई घाट होते हैं जो केवल पूजा के लिए बनाए जाते हैं लेकिन बिलासपुर के घाट पूरे देश में शानदार है और इसलिए जाना जाता है कि यह पक्का, लंबा घाट और साल भर घाट रहता है उन्होंने बुलाकर सम्मान देने और इस पुनीत कार्य में शामिल होने के लिए आयोजकों को बधाई दी।

### इनका रहा सहयोग

मंच कार्यक्रम एवं महाआरती को सफल बनाने में प्रमुख रूप से आरपी सिंह, रौशन सिंह, प्रशांत सिंह, दिलीप कुमार चौधरी, संजय सिंह राजपूत, धनंजय झा, पंकज सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, रुपेश कुशवाहा, डॉ कुमुद रंजन सिंह, पीसी झा, रामसखा चौधरी, विनोद सिंह, धीरज झा, राहुल सिंह, मुन्ना सिंह, निर्भय सिंह, चंद्र किशोर प्रसाद, चंदन सिंह, शशि मिश्रा, एके कंठ, दिलीप सिंह, धनंजय कुमार, अर्जुन सिंह, बृजेश सिंह, अजीत पंडित, पीसी झा, संजय मिश्रा, लव ओझा, अमरकांत तिवारी, अरविंद कुमार सिंह, राजीव गिरी, संतोष सिंह, शैलेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, परविंदर सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, ललितेश सिंह, गणनाथ मिश्रा का सहयोग रहा।

### आज बनेगा खरना का प्रसाद

रविवार 26 अक्टूबर को खरना का प्रसाद बनाया जाएगा। इस प्रसाद को बनाने में व्रतियों द्वारा पवित्रता, शुद्धता का पूरा ध्यान रखते हुए नए चूल्हे में आम की लकड़ी व कण्डा से तैयार किया जाएगा। पवित्रता इतना ध्यान रखा जाता है कि पक्षियों के जूठे करने से बचाने गेहूं सूखाते समय उसकी रखवाली की जाती है। शाम को सूर्यास्त के समय गुड़ से बनी खीर व सादी रोटी बनाई जाएगी।

### डूबते सूरज को अर्ध्य कल

सोमवार 27 अक्टूबर को शाम को डूबते सूरज व मंगलवार 28 अक्टूबर को सुबह उदईमान सूर्य को अर्ध देकर व्रत का पारण किया जाएगा। सूर्य आरोग्य के देवता हैं। यह पर्व संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए मनाया जाता है।



---

**नई महिला नगर सैनिकों का दीक्षांत समारोह**

## देश, समाज, प्रशासन की सेवा के लिए शपथ ली है, सेवा में भले ही जान चली जाए पीछे नहीं हटना - डीआईजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होमगार्ड डीआईजी एलपी वर्मा ने हाल ही में भर्ती की गईं 279 महिला नगर सैनिकों को देश राष्ट्र, समाज, प्रशासन की सेवा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा देश की सेवा में काम करते समय जान चली जाए इसकी परवाह नहीं करना है।

नगर सेना विभाग में बिलासपुर संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में नवीन भर्ती महिला नगर सैनिकों का दस दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण साइंस कालेज मैदान सरकण्डा में संपन्न हुआ। बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण होने पर डीआईजी होमगार्ड श्री वर्मा के उपस्थिति में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। उन्होंने पहले परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद 279 महिला होमगार्ड प्रशिक्षणार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने महिला नगर सैनिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा होमगार्ड स्वय सेवी संगठन है इसका मुख्य लक्ष्य निस्वार्थ सेवा करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र मातृभूमि की सेवा ही सबसे बढ़कर है। प्रदेश में 2 हजार ट्राइवल हास्टल व आश्राम संचालित हैं, जहां पढ़ने वाले छात्राओं की सुरक्षा वहां अच्छा वातावरण देना है। आप सभी की इन हास्टलों व आश्रमों, कस्तूरबा विद्यालयों में ड्यूटी लगाई जाएगी। आप सभी ने सेवा करने की शपथ ली है। अनुशासन पर बहुत महत्व देंगे। आमजनता के मानवाधिकार की रक्षा करना है और लोगों से नम्र व्यवहार रखेंगे। हमारा सविधान सर्वोच्च है, उसकी रक्षा करना है। श्री वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रशिक्षार्थियों तथा बुनियादी प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्त्रि पत्र से सम्मानित किया। इस दौरान जिला सेनानी दीपांकुर नाथ, जिला सेनानी रायगढ़ बी कुजूर, प्राचार्य साइंस कालेज प्रवीण पाण्डेय, फायर स्टेशन प्रभारी इंस्पेक्टर वेद नारायण सेन, परसदा एसडीआरएफ टीम, बिलासपुर एसडीआरएफ टीम, नगर सेना एवं अग्निशम सेवा के कर्मचारी व बड़ी संख्या में महिला सैनिक के परिजन उपस्थित थे।

---

## युद्ध का मैदान जीवन की यात्रा का एक हिस्सा : कैप्टन योगेन्द्र

**बिलासपुर।** कारगिल युद्ध में बहादुरी का परचम लहराने वाले, तीन गोली लगने के बाद युद्ध क्षेत्र में डटे रहने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि युद्ध का मैदान हमारे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। शहीद परिवारों को सम्मान करने का अवसर बिलासपुर में मिल रहा है। जिन्होंने अपने सिंदूर को राष्ट्र पर कुर्बान कर दिया ताकि देश चैन की नींद सो सके। ऐसे शहीदों के परिवार का सम्मान करने का अवसर उन्हें मिला है।

परमवीर चक्र से सम्मानित योगेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग भवन टेलीफोन एक्सचेंज रोड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 1947 से 2025 तक केवल 21 परमवीर चक्र मिले हैं। जिनमें 14 को मरणोपरांत व सात को जीवित रहते हुए यह सम्मान प्राप्त करने का अवसर मिला। तीन परमवीर चक्र विजेता अभी जीवित है जो दिल्ली में परेड का नेतृत्व भी करते हैं। यह सम्मान राष्ट्र का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। उन्होंने बताया कि 1954 से अब तक 55 लोगों को भारत रत्न मिला है। परमवीर चक्र किसी की सिफारिश से नहीं मिलता। उन्होंने देश के युवाओं से परिवार तथा राष्ट्र की रक्षा के लिए युवाओं से आगे आने की अपील करते हुए कहा है कि आज का युवा सक्सेस लाइफ के पीछे भाग रहे हैं जो कि उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि साहस के साथ युवाओं को रक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए अग्नि वीर में भर्ती की जा रही है।



### मिली है मनोबल की शक्ति : रानी दीदी

गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने वाली बीके रानी दीदी तथा लेफ्टिनेंट कर्नल विकास चौहान ने भी अपने विचार रखे। बीके रानी दीदी ने कहा कि मैंने अपने जीवन में कुछ हटकर करने के लिए सोचा था और भाग्य से कल्याणकारी दिशा में चली गई। मनोबल की शक्ति प्रजापिता ब्रह्म कुमारी से उन्हें मिली है। रविवार को शाम 4 बजे रघुवीर विहार में आयोजित पराक्रम एक विजय गाथा कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता तथा कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव शामिल होंगे।

---



## राजपूत क्षत्रिय समाज ने परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र का सम्मान किया

**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा करगिल युद्ध के परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान संरक्षक डॉ.बृजेश सिंह, प्रियंक परिहार अध्यक्ष सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज व कार्यकारी अध्यक्ष एस के सिंह, महेन्द्र सिंह राना सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पमाल शाल श्रीफल भेंट कर महाराणा प्रताप चौक पर सम्मानित किया। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को पुष्पाहार समर्पित करते हुए उन्हें देश के स्वाभिमान का प्रतीक निरुपित किया। इस अवसर पर जे एन सिंह, विजय बघेल, संजय सिंह राजपूत, विनोद सिंह,अर्जुन सिंह, मुन्ना सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, संतोष सिंह, विमल सिंह, हिमान्शु सिंह, सत्येन्द्र सिंह, दीपक सिंह, अजीत सिंह, कौशल सिंह, शिवजी सिंह, विन्कू भाटिया, सुधीर झा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विधिक सेवा के प्रयास से मूक बधिर को मिला ठिकाना

**मुंगेली।** मानवीय संवेदना और तत्परता का उदाहरण पेश करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली ने एक भटके हुए मूक बधिर व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की सराहनीय पहल की। प्राधिकरण की सचिव कंचनलता आचला ने बताया कि, पथरिया के ग्राम कुकुसदा का अज्ञात मूक बधिर व्यक्ति भटकता पाया गया। इस संबंध में सूचना मिलते ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पैरालीगल वॉलेंटियर्स को मौके पर भेजा। व्यक्ति के नाम और पते की जानकारी न मिल पाने पर सचिव ने समाज कल्याण विभाग मुंगेली एवं बिलासपुर के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया। संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर भटके हुए मूक बधिर व्यक्ति को बिलासपुर स्थित 'घरौंदा' आश्रय स्थल पहुंचाया गया, जहां उसकी सुरक्षित देखभाल की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सक्रियता और सामाजिक संवेदनशीलता से जरूरतमंद व्यक्ति को नया ठिकाना और सुरक्षा का सहारा मिला।

### टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन शिविर में 67 मरीजों का उपचार

**लोरमी।** विकाखंड के सुदूर वनांचल स्थित बैगा ग्राम छपरवा में टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए



जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि, शिविर में ग्रामीणों का टीबी, कुष्ठ, शुगर, रक्तचाप आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दवाई एवं परामर्श निशुल्क प्रदान किया गया। शिविर में कुल 67 मरीजों की जांच की गई, जिनमें टीबी संदिग्ध 6, सर्दी-जुकाम 11, बुखार 2, दाद-खुजली 9, बीपी-शुगर 7, एएनसी 2, हड्डी-पैर दर्द 12 सहित अन्य मरीज शामिल थे। शिविर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को टीबी और कुष्ठ रोग के लक्षणों, उपचार और बचाव संबंधी पाम्पलेट वितरण कर जानकारी दी एवं संदिग्ध मरीजों के नमूने जांच हेतु भेजे गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, सेक्टर सुपरवाइजर मणिलाल पैकरा, आरएचओ संजू भास्कर, एएनएम योगेश मरकाम सहित मितानिन और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 75 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**रतनपुर।** रतनपुर पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 75 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 15 हजार सहित तथा शराब बनाने वाले बर्तन जब्त कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाली निवासी गणेश मरावी पिता पंचराम मरावी अपने पुराने घर के आंगन में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखा हुआ है। साथ ही वह और मात्रा में शराब का निर्माण कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर दबिश देकर आरोपी से अवैध शराब व निर्माण उपकरण बरामद कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### मछली पालन के दौरान युवक की डूबने से मौत

**कोरबा।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बुका पिकनिक स्पॉट में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां मछली पालन इकाई में कार्यरत आशीष मरावी



(24 वर्ष) की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव करीब 24 घंटे बाद 20 फीट गहराई से बरामद किया गया। घटना थाना बांगो क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मृतक आशीष मरावी निवासी मेलनाडीह खुंटाघाट, रतनपुर, बुका स्थित महिला समिति संचालित मछली पालन इकाई में कार्यरत था और कॉटेज हाउस में रहकर काम करता था। शुक्रवार की सुबह आशीष अपने दो साथियों के साथ फाउटिंग हाउस की मरम्मत के लिए बुका डैम गया था। कार्य पूरा कर तीनों जब रस्सी के सहारे लौट रहे थे, तभी आशीष की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया गया है कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह गहरे पानी में गिर गया। साथियों ने तत्काल आशीष को बचाने की कोशिश में पानी में छलांग लगाई, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। कुछ देर खोजबीन के बाद जब आशीष का पता नहीं चला, तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर बांगो थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 8 सदस्यीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। शुक्रवार शाम से शुरू हुआ अभियान शनिवार की सुबह सफलता में तब्दील हुई जब शव को डैम के 20 फीट नीचे से कांटे के सहारे निकाला गया। बांगो थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों और साथियों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा आशीष को कार्य के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक और उसके दोनों साथी एक ही गांव के निवासी हैं तथा बुका में रहकर मछली पालन कार्य करते थे।

### बिजली बिल दोगुना होने से उपभोक्ताओं पर बढ़ा भार

# बढ़े बिजली बिल से आमजन परेशान, प्रदर्शन की चेतावनी

**मुंगेली।** शहर में इन दिनों बिजली बिल को लेकर हंगामा मचा हुआ है। आम नागरिक से लेकर गरीब मजदूर हर कोई बिजली विभाग की इस नई व्यवस्था से परेशान है। लोगों का कहना है कि बिजली बिल हाफ योजना बंद होने के बाद अचानक बिल दुगुना आने लगा है, जिससे घर का खर्च संभालना मुश्किल हो गया है।



एक तरफ जहां मजदूर और गरीब तबका अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में ही संघर्ष कर रहा है, वहीं ऊपर से बिजली के बढ़े बिल ने उनकी नींद उड़ा दी है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि, पहले जो बिल 300 से 400 रुपए आता था, वह अब 800 से 1000 रुपए तक पहुंच गया है। ऐसे में मजदूरी कर रोज कमाने-खाने वालों की हालत खराब हो गई है। शहर की महिलाओं ने बताया कि, सरकार की ओर से उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत 1000 देने का वादा किया गया था। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि, वही राशि बिजली बिल के रूप में वसूली जा रही है। एक महिला ने कहा कि, बिजली बिल इतना ज्यादा आ रही है कि, पूरा पैसा बिल भरने में ही चला जा रहा है। आखिर गरीब परिवार गुजारा कैसे करेगा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे को उठाया है। उनका कहना है कि महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को जो 1000 दिए जा रहे हैं, वही पैसा बिजली बिल के रूप में वसूल कर लिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि, सरकार गरीब परिवारों की जेब पर सीधा डाका डाल रही है, और उन्हें राहत देने के बजाय मुसीबतों में धकेल रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं का कहना है कि, सरकार गरीबों को राहत देने के लिए कटौती कर बिल भेज रही है। उनका दावा है कि, उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, आने वाले समय में बिल की समस्या को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे। शहर के बिजली दफ्तरों में भी शिकायतकर्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि, जब वे बिल की शिकायत करने कार्यालय पहुंचे तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि योजना बंद हो चुकी है, अब पूरा बिल भरना होगा। इस जवाब से लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है। शहर के दुकानदार, व्यापारी और रिक्शा चालक तक का कहना है कि, अचानक बिल बढ़ने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है। बहुत से लोगों ने यह भी कहा कि, यदि स्थिति यही रही तो उन्हें घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज लेना पड़ेगा। स्थिति यह है कि गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों तक बिजली बिल ही चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग जगह-जगह बैठकर अपनी परेशानियां साझा कर रहे हैं। कई लोग यह भी कह रहे हैं कि, अगर सरकार ने जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो वे सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

### फाइनल में भोथीडीह ने मारी बाजी, 14 रनों से जीता मुकाबला

# खेल में खिलाड़ी जीतता है या सीखता है: सूर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पंचायत खपरी बेलपान में बहन स्वर्गीय संगीता ध्रुव की स्मृति में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेलपान एवं भोथीडीह के बीच खेला गया। मुकाबले में भोथीडीह की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी एवं बेलपान को 75 रन का लक्ष्य दिया।

जवाब में बल्लेबाजी करते हुए बेलपान की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी एवं 14 रनों से मैच हार गई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि के शामिल हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चन्द प्रकाश सूर्या ने कहा कि, खेलो इंडिया से भारत खेल के क्षेत्र में विश्व में नई उंचाइयों को छू रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच देश के लोगों को पूरी तरह से फिट बनाने की है। खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसमें युवा अनुशासन सीखते हुए स्वस्थ रहता है। खेल से जहां बौद्धिक विकास होता है, वहीं शरीर स्वस्थ एवं फिट रहता है। इस प्रकार की खेल



प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। श्री सूर्या ने कहा कि, मैं यहां उपस्थित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। जो टीम जीती है उनको भी, और जो टीम हारी है उनको भी।

क्योंकि खेल में कोई खिलाड़ी हारता या जीतता नहीं है, सिर्फ सीखता है। सूर्या ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को अवसर मिलता है। सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत खिलावन पटेल ने कहा कि, खेल से मन व तन दोनों स्वस्थ रहता है। मैं आयोजन समिति को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि, उन्होंने इस प्रकार का आयोजन किया। जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि नरेंद्र नायक ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिलता है। मानव जीवन में खेल का अपना विशेष महत्व है। अनुसूचित जनजाति युवा प्रभाग महासचिव राजीव कुमार ध्रुव ने इस आयोजन के लिए पूरे ग्राम वासियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अरविंद लहरिया, सरपंच मानु यादव, रुद्रांश सूर्या, दुर्गेश सूर्यवंशी, दिनेश तिवारी, दिनेश तिवारी, सुरेश बंजारे, हरिश्चंद्र सोनवानी, संजय ध्रुव, तीज राम रजक आदि मौजूद थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में लगे धान की किस्मों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत महोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत कृषक गोष्ठी एवं धान के किस्मों की प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किया गया। जिसमें किसानों के मध्य विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने तथा नवीन वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्प्रेयर, पीएम किसान कार्ड, स्वायल हेल्थ कार्ड, फसल बीमा कार्ड का वितरण भी किया गया। किसानों को नई तकनीक अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि कृषि क्षेत्र में आधुनिकता और उत्पादकता का समावेश हो सके। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. दिनेश्वर लहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केडी श्रीवास्तव, डॉ. शदर केशरवानी उप चिकित्सा अधिकारी, कमलेश धृतलहरे मत्स्य निरीक्षक, श्रीमती निवेदिता शैल डेटा प्रोजेक्ट डायरेक्टर, धर्मेन्द्र पोर्ते, बिनोद साहू, आरबी अहीरवार, उमाशंकर बंजारा, श्रीमती शशिकला पटेल, श्रीमती निकिता तिवारी एटीएम सहित अन्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा अनेक कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों ने विभिन्न धान किस्मों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।

# नर्मदा खंड साहू समाज की बैठक, दिलीप बने अध्यक्ष

**पेंड्रा।** भक्तमाता कर्मा के जयघोष के साथ जिला नर्मदा खंड साहू समाज की महत्वपूर्ण बैठक 24 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश साहू ने की। बैठक में जिला नर्मदा खंड साहू समाज के पदाधिकारियों की



गरिमामयी उपस्थिति में तहसील मरवाही के नवीन पदाधिकारियों का गठन किया गया।

इस दौरान संरक्षक अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष शंकर साहू, जिला सचिव विश्वनाथ साहू, तहसील पेंड्रा अध्यक्ष आनंद साहू, तथा समाज के वरिष्ठ सदस्य श्यामसुंदर साहू, संतोष साहू, कल्लू साहू, सीताराम साहू, देवनारायण साहू, दिलीप साहू, अनिल साहू, लाला साहू, संजय साहू, चंद्रप्रकाश साहू, कोमल साहू, नरोत्तम साहू, रितेश साहू आदि की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान तहसील मरवाही के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ, जिसमें एक बार फिर से दिलीप साहू को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष कोमल साहू, मीरा देवनारायण साहू, सचिव देवेंद्र साहू, आशा सुरेश साहू को चुना गया। बैठक में समाज के सदस्यों को निर्धारित शुल्क के साथ नर्मदा खंड साहू समाज की सदस्यता भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज में एकता, सामाजिक सहयोग, युवा जागरूकता और संगठन को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने नए चयनित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# मुंगेली शहर के 2 हजार छात्रों को किया गया जागरूक

मुंगेली। शिक्षा विभाग की ओर से पहल कार्यक्रम के तहत 2 हजार से विद्यार्थियों को अपराध से दूर रहने जागरूक किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मुंगेली शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, अध्यक्ष प्रदेश महासचिव वरिष्ठ नागरिक संघ छत्तीसगढ़ डीके सोलंकी, विशिष्ट अतिथि रामनाथ गुप्ता, श्री कश्यप, एसडीओपी मयंक तिवारी व पुलिस बालमित्र रोशना डेविड उपस्थिति रहे। दीनानाथ केशरवानी ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें नशे और अपराध से बचने को प्रेरित किया। डीके सोलंकी ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाया, और पूर्ण शिक्षा की बात कहते हुए शासन की शिक्षा विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेने को प्ररित किया। एसडीओपी मयंक तिवारी ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित पहल कार्यशाला के उद्देश्य की जानकारी देते हुए साइबर, धोखाधड़ी, विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा हेतु गाइड लाइन दिए और सफलता के लिए मार्गदर्शन किया। पुलिस बालमित्र रोशना डेविड ने एसपी भोजराम पटेल द्वारा संचालित पहल कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को मुख्य पांच बिंदु अनुशासित जीवन, पूर्ण शिक्षा, अच्छे संस्कार, सुविचार, अच्छे दोस्त अच्छे इंसान बनने एवं सुरक्षित रहने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य भूमिका निभाने वाले डीएसपी मयंक तिवारी, डीईओ पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड उड़ान जीएससो महासमुंद एवं प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# रेसिंग करना पड़ा महंगा, रेस्टोरेंट की दीवार से टकराई कार

**कोरबा।** ओपन थिएटर घंटाघर मार्ग पर पिछली रात हुए हादसे में दो युवक घायल हो गए। उनकी स्वीफ्ट कार घंटाघर मोड़ पर गोल चक्कर लगाने के बाद रेस्टोरेंट की दीवार से जा टकराई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नशे के चक्कर में दूसरी गाड़ी से रेसिंग करना महंगा पड़ा। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शनिवार की सुबह कार मौके से नदारद मिली।

**खास बात**
- निहारिका स्थित घंटाघर का मामला

शुक्रवार की देर रात यह घटना हुई। सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिलासपुर पासिंग स्वीफ्ट कार में दो युवक सवार थे, दोनों ही असामान्य स्थिति में थे। वे इसी रास्ते से जा रहे एक अन्य गाड़ी से स्पर्धा कर रहे थे। इसके क्या नतीजे होंगे, इस बारे में शायद उन्हें अनुमान नहीं था। पहले से ही गड्ढों की उपस्थिति सडक़ पर है और घंटाघर के ठीक सामने टर्निंग भी। ऐसे में कई मौके पर घटनाएं तब हो चुकी है जब चालकों का ठीकठाक नियंत्रण स्टेयरिंग पर नहीं रहा। जबकि मानसिक चेतना का स्तर बेहतर न होने से भी समस्याएं उत्पन्न होती है। खबर के अनुसार पिछली रात हुए हादसे को लेकर हुई कुछ यही कारण प्रभावी बताया गया। जानकारी मिली कि घटना में दुर्घटनाग्रस्त चारपहिया गाड़ी में सवार दोनों युवक असामान्य थे। इसके बावजूद वे दूसरी चारपहिया गाड़ी से प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। एक प्वाइंट पर पहुंचने के साथ बिलासपुर पासिंग कार की टक्कर हो गई। इस नजारे को देखने के लिए वे लोग कुछ देर के लिए रूके जो यहां से आवाजाही कर रहे थे। बाद में पुलिस को अवगत कराया गया। मामले में अगली कार्यवाही की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार की नंबर प्लेट पर रेड कव्हर चढ़ा हुआ था। सामान्य तौर पर वीआईपी गाडिय़ों में इस तरह के उपाय किए जाते हैं।

# स्वयंसेवक ही हैं राष्ट्र निर्माण की असली शक्ति: सिन्हा

**सीपत।** मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के नेतृत्व में संयुक्त एकदिवसीय दिवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा मनोज सिन्हा, समन्वयक रासेयो अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ कांति अंचल, जिला संगठक रासेयो रहीं।

इस अवसर पर सीपत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के एनएसएस इकाइयों ने सक्रिय सहभागिता की। सुबह 10 बजे से शिविर का शुभारंभ स्वच्छता अभियान से हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवकों को योगाभ्यास और बौद्धिक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर सत्र में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सरदार पटेल एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान विषय पर परिचर्चा आयोजित की। मुख्य अतिथि डा मनोज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका अतुलनीय है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं का समर्पण ही भारत की




असली ताकत है। डॉ कांति अंचल ने सीपत इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन युवाओं में नवाचार और सेवा भावना को प्रोत्साहित करते हैं। दीपक शर्मा ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने की प्रेरणा दी। समापन सत्र में स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ के साथ नशामुक्त समाज की प्रतिज्ञा भी ली गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी स्कूल और कॉलेजों के लगभग 55 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर अपने व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्तर के स्वयंसेवक दीपक राठौर ने किया तथा संपूर्ण आयोजन का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने किया। अंत में उपस्थित स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय एकता का प्रेरणास्त्रोत बना दिया।

# ओपन जिम, डिजिटल आंगनबाड़ी व लाइब्रेरी का शुभारंभ

**सरगांव।** डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाते हुए सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को मुंगेली में डिजिटल आंगनबाड़ी, डिजिटल लाइब्रेरी एवं ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार राकेश, प्रबंध निर्देशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीएससी एसपीवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में परमानंद साहू नपं अध्यक्ष उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में सीएससी के राज्य एवं जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, जिला प्रशासन के अधिकारी,



स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सीएससी वीएलई बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार राकेश ने कहा कि सीएससी द्वारा की जा रही यह पहल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और फिटनेस की दिशा में एक नई आशा है। उन्होंने कहा कि, डिजिटल लाइब्रेरी और आंगनबाड़ी बच्चों व युवाओं को ज्ञान का मंच प्रदान करेंगी। वहीं ओपन जिम नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करेगा। सीएससी सीएसआर की ओर से मुंगेली में कुल 9 डिजिटल आंगनबाड़ी, 2 डिजिटल लाइब्रेरी एवं 1 ओपन जिम की स्थापना की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि, सीएससी सीएसआर द्वारा 'डिजिटल भारत, सशक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सीएससी के प्रबंध निर्देशक, अधिकारी-कर्मचारी को नगर पंचायत सरगांव में ओपन जिम, जिला मुंगेली में डिजिटल लाइब्रेरी एवं डिजिटल आंगनबाड़ी स्थापित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जीपीएम में पहली बार महासंगम युवा संसद का आयोजन

**पेंड्रा।** मल्टीपर्पज स्कूल पेंड्रा के असेंबली हॉल में पहली बार ' महासंगम युवा संसद' का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और बाहरी संस्थानों से आए लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम में विधानसभा और लोकसभा दो समितियों का गठन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न राजनेताओं की भूमिका निभाते हुए नीति-निर्माण, प्रश्नकाल, बहस और लोकतांत्रिक संवाद का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, वक्तृत्व कौशल, तर्क शक्ति और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमित जोगी ने युवाओं को संसद की कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों की गहन जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधि पंकज तिवारी, राकेश जालान, मुकेश दुबे, हर्ष छाबरिया, रितेश फरमानिया, इकबाल सिंह, रामजी श्रीवास एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य संयोजक एवं फाउंडर आनंद बजाज रहे, जिनके साथ सहयोगी टीम के रूप में विवान



असनानी, अनन्या चतुर्वेदी, अनन्या दुबे, आर्ची अग्रवाल, आदित्य मलानी, माही मिश्रा, आदित्य फर्मानिया, श्यामंतक दुबे, श्रुति मोटवानी, अंशुमान वैश्य, अंश तमरकार, अक्षत नामदेव, अक्षय प्रताप, तनमय केशरी, ज्ञान अग्रवाल, अमित राठौर, आयुष्मान शर्मा, अंशिका अग्रवाल, दिव्या चतुर्वेदी, प्रज्ञा चतुर्वेदी, धान्या गर्ग, प्रिंसी कोटवानी आदि युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम जिले के युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, साथ ही संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता, शोध दृष्टिकोण और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय और प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन



**बोदरी।** मां लक्ष्मी विसर्जन हेतु रोड शो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रोड शो के दौरान शिवम यादव म्यूजिकल ने भव्य झांकी की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा लिमहापारा होते हुए बाजार चौक, बजरंग चौक, लिमपारा, गौटिया पारा, महामाया चौक होते हुए निकली। इस दौरान मां लक्ष्मी समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समस्त ग्रामवासियों की मैजूदगी में झूमते हुए माता की मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### शिविर में की गई टीबी, कुष्ठ शुगर, रक्तचाप की जांच



**मुंगेली।** जिले के सुदूर वनांचल स्थित बैगा ग्राम छपरवा में टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डा. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों का टीबी, कुष्ठ, शुगर, रक्तचाप आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श निःशुल्क प्रदान किए गए। शिविर में कुल 67 मरीजों की जांच की गई, जिनमें टीबी संदिग्ध 6, सर्दी–जुकाम 11, बुखार 2, दाद–खुजली 09, बीपी–शुगर 7, एएनसी 2, हड्डी पैर दर्द 12 सहित अन्य मरीज शामिल थे। शिविर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों को टीबी और कुष्ठ रोग के लक्षणों, उपचार और बचाव संबंधी पाम्पलेट वितरण कर जानकारी दी गई। संदिग्ध मरीजों के नमूने जांच हेतु भेजे गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, सेक्टर सुपरवाइजर मणिलाल पैकरा, आरएचओ संजू भास्कर, एएनएम योगेश मरकाम सहित मितानिन और विभागीय अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

### गतौरा में जसगीत झांकी प्रतियोगिता आज

**मोपका।** भवानी चौक गतौरा में जय मां काली नवयुवक समिति की ओर से माता काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत जसगीत झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 26 अक्टूबर को किया जा रहा है।



प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3 हजार 501 रुपए नकद व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार 501 रुपए नकद व शील्ड, तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपए नकद व शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 1 हजार 501 रुपए नकद व शील्ड, पंचम पुरस्कार 701 रुपए नकद व शील्ड, छठवां पुरस्कार 501 रुपए नकद व शील्ड प्रदान किया जाएगा। साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में 301 रुपए नकद व शील्ड दी जाएगी। जसगीत टोलियों को 51 रुपए नकद व श्रीफल एंट्री फीस के रूप में जमा करना होगा। यह कार्यक्रम जय मां काली नवयुवक समिति की ओर से पिछले 18 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमे दूर- दराज की जसगीत टोलियां भाग लेती हैं।

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों पर रेलवे ने रखा है नजर

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है ।

## निधन

### अनिल चौहान



**बिलासपुर।** छग डायोसिस रायपुर एवं सीएनआई चर्च बिलासपुर के सेवानिवृत्त रेव. अनिल चौहान का 25 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे सिंधी कालोनी स्थित प्रभु की वाटिका में होगा।

### भावना बेन



**बिलासपुर।** समता विहार टिकरापारा निवासी भावना बेन का 25 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे किर्ती भाई गांधी की पत्नी एवं भावेश किर्तीभाई गांधी की माता थीं।

### मोजीराम श्रीवास



**बिलासपुर।** लगरा निवासी मोजीराम श्रीवास का निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे बलराम, लक्ष्मी नारायण के पिता थे।

### गौरी जायसवाल



**तखतपुर।** भीमपुरी निवासी गौरी जायसवाल का 76 वर्ष की आयु में शनिवार 25 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भीमुपरी में किया गया। वे चरन, बरन, करन, मनहरन व दिलहरन के माताजी थीं।

# ग्राम छुईहा में चोरी का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा- मुंगेली

फास्टरपुर-सेतगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम छुईहा में मई के महीने में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फुलचंद गेंदले पिता हीराराम उम्र 26 वर्ष निवासी छुईहा थाना फास्टरपुर-सेतगंगा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, 15 मई रात करीब 11 बजे वह खाना खाकर घर के बाहर आंगन में सो रहा था। 16 मई की सुबह करीब 6 बजे वह उठा और घर अंदर देखा तो घर में रखी लकड़ी की आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था एवं उसमें रखे सामान गायब थे।

फुलचंद गेंदले ने अपनी मां कमला बाई व पत्नि अंजू को बुलाकर घटना की जानकारी दी। सभी ने आलमारी की जांच की तो उसमें रखे 8 नग सोने की लॉकेट, सोने का टॉप 2 सेट, एक मोबइल व 10 हजार नकद सहित कुल 63 हजार का माल गायब था। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 23 अक्टूबर को संदेही गंगाराम दिवाकर निवासी छुईहा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें



पुलिस की गिरफ्त में चोरी का आरोपी।

आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। साथ ही आरोपी ने नकद रकम को खर्च करना एवं मोबाईल को तोड़कर गांव के तालाब में फेंकने एवं सोने के लॉकेट को अपने घर में रखने की जानकारी दी।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 8 नग सोने के लॉकेट को जब्त कर आरोपी गंगाराम दिवाकर पिता शिवप्रसाद उम्र 24 वर्ष निवासी छुईहा थाना फास्टरपुर-सेतगंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया।

## राहगीर से मोबाइल व 25 हजार की लूट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पेट्रोल डलवाने के लिए रुके व्यक्ति के जेब से ऑटो चालक ने मोबाइल व नकदी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आटो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली करहीपारा निवासी सुनील यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 23 अक्टूबर को वह कोरबा से मुंगेली जा रहा था। रात 12 वह बजे जरेली स्थित मक्कड़ पेट्रोल पंप के पास गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के लिए रूका, तभी एक अज्ञात ऑटो चालक वहां आया और उसकी जेब से मोबाइल फोन सहित 25 हजार रूपए नकद लूटकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया।

## खाते से पैसे निकालने को लेकर दो भाइयों में विवाद

**तखतपुर।** खाते से पैसे निकालने की बात को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़रिया निवासी अमृत ध्रुव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका बड़ा भाई अमर ध्रुव खाते से पैसे निकालने के लिए वाद-विवाद करने लगा। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो अमर ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

## रंजिश को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक अन्य युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेंड्री निवासी विक्रम कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, शुक्रवार रात 9 बजे वह गुड़ी चौक में लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान गांव के जुगन कौशिक, राजकिशन कौशिक, घनश्याम कौशिक और सतीश यादव वहां पहुंचे और पुरानी बातों को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसने युवकों को ऐसा करने से मना किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** पटाखा जलाने के दौरान हुए विवाद पर ग्रामीण पर प्राणघातक हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं प्रकरण के एक अन्य युवक की तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया कि जुमनाबाई दिवाकर पति प्रीतम दिवाकर उम्र 45 साल निवासी टेकनपारा पेण्ड्रीतालाब ने 21 अक्टूबर को लोरमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, शाम करीबन 6-7 बजे प्रीतम दिवाकर के घर के सामने में बच्चे फटाका फोड़ रहे थे। इसी दौरान वहां से राजकुमार धृतलहरे अपने चाचा नील कुमार के साथ निकला और बच्चों को रोड पर फटाका फोड़ने से मना किया। इस बात पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। रंजिश को लेकर राजकुमार ने अपने पिता दिलीप घृतलहरे, नील कुमार घृतलहरे, देवकुमार घृतलहरे एवं विधि से संघर्षरत बालक के साथ प्रीतम दिवाकर के घर में घुसे एवं उस पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दौरान जमुना बाई, आहत ओमप्रकाश दिवाकर, उमेश दिवाकर, नरेन्द्र दिवाकर ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।




शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (2), 115 (2), 333, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। प्रकरण की विवेचना में आरोपियों द्वारा हत्या के इरादे से हमला करने की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 191(2), 191(3), 190, 118(1), 324(5), 109 बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी राजकुमार घृतलहरे पिता दिलीप घृतलहरे उम्र 23 वर्ष, दिलीप कुमार घृतलहरे पिता मोहितराम घृतलहरे उम्र 42 वर्ष, नीलकुमार घृतलहरे पिता मोहितराम उम्र 30 वर्ष, देवकुमार घृतलहरे पिता दिलीप कुमार घृतलहरे उम्र 19 साल सभी साकिनान बांधा चौकी जूनापारा थाना तखतपुर को गिरफ्तार कर लिया एवं आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया।



## रावत नाच महोत्सव समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**तखतपुर।** रावत नाच महोत्सव समिति सर्व यादव समाज की बैठक में 14 नवम्बर को बालक हाई स्कूल प्रांगण में रावत नाच महोत्सव कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान अध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने कहा कि, रावत नाच यादव समाज की संस्कृति है जिसमें हम अपनी संस्कृति को आने वाले पीढ़ियों को अवगत करा रहे हैं। साथ ही यह हमारे लिए हमारी संस्कृति को आमजनों तक पहुंचाने का भी एक अवसर है। इसलिए पूरे क्षेत्र से समाज के लोग इस महोत्सव में शामिल होंगे, और इसके लिए समिति के सभी लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम का प्रचार करेंगे। साथ ही सहभागिता भी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में ललित यादव, अजय यादव, सरजू यादव, बहोरन यादव, जीवन यादव, दुर्गा यादव, शेखर यादव, राहुल यादव, विक्की यादव, आयुष यादव, शिव यादव, लक्ष्मी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।


**खास**
- 14 नवम्बर को हाई स्कूल प्रांगण में रावत नाच महोत्सव

# विद्युत कनेक्शन में अनियमितता से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

क्षेत्र में बन रही नई कॉलोनी के लिए बिना बिजली विभाग की अनुमति के निजी पोल लगाकर ट्रांसफार्मर से विद्युत का कनेक्शन लेने के कारण गांव में लो वोल्टेज का मामला सामने आया है। नाराज ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मामला सकरी सब डिविजन अंतर्गत गनियारी डी सी अंतर्गत ग्राम पंचायत जोकी का है, जहां आवासपारा के पास प्लॉटिंग कर कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कलोनाइजर ने कॉलोनी में बिजली सप्लाई के लिए गांव के ट्रांसफर्मर से बिना विभाग की अनुमति के कनेक्शन लिया है। इस विद्युत कनेक्शन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जोकी के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता बिलासपुर को शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने देवभूमि के कॉलोनाइजर पर आरोप लगाया है कि, उनके द्वारा आवासपारा में लगे 63 केव्ही ट्रांसफार्मर से



- लो वोल्टेज को लेकर उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत

बिजली विभाग की अनुमति के बगैर ही चार निजी पोल लगाकर विद्युत कनेक्शन लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व से ही मोहल्ले में बिजली की किल्लत चल रही है, अब कॉलोनी के लिए कनेक्शन लेने से से बिजली की समस्या और भी बढ़ गई है एवं ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि, विगत दो माह से ये अवैध कनेक्शन चल रहा है। जब इसकी शिकायत करने सकरी डीसी पहुंचे तब यहां अधिकारी ही नहीं मिले।

### शिकायत के दो सप्ताह बाद भी कारवाई नहीं

मामले में ग्राम जोकी के ग्रामीणों ने 9 अक्टूबर को मुख्य अभियंता बिलासपुर से शिकायत की थी। शिकायत को एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी इस मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई कारवाई ना होने से विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे

### चल रही है जांच

जानकारी मिलने पर निरीक्षण करने गया था, जिसमें वहां चार पोल लगा पाया गया। इससे संबंधित दस्तावेज कार्यालय में ढूंढवा रहे हैं, जो अभी तक मिला नहीं है। मामले में जांच चल रही है।

- जितेश दिव्य प्रभारी एई सकरी उपसंभाग

### मिली है शिकायत

मामले में शिकायत पत्र प्राप्त हई है, जिसकी जांच एसई सुरेश जांगड़े कर रहे हैं। अभी तक जांच की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हई है, रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-आलोक अंबष्ट, ईडी छग राविवि बिलासपुर

# छठ पूजा की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय



**मुंगेली।** छठ पूजा की तैयारी में प्रशासन और समिति जुटी हुई है। छठ घाटों की व्यवस्था में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां की जा रही है। आस्था के इस महापर्व को लेकर नगर प्रशासन सक्रिय नजर आया।

आगर नदी की साफ-सफाई, घाटों की मरम्मत, लाइटिंग व्यवस्था और जलस्तर का निरीक्षण प्रशासनिक अमले द्वारा किया गया। सुबह से ही नगर पालिका एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी नदी किनारे जुटे रहे। सफाईकर्मियों ने घाटों पर जमा कचरे को हटाया तथा नदी में जलस्तर का परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा हेतु एसडीएम अजय शतरंज और मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह आगर नदी स्थित प्रमुख छठ घाट पहुंचे। उन्होंने वहां की साफ-सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के सदस्यों से चर्चा कर आयोजन की रूपरेखा को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि, छठ पर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पर्व सूर्य उपासना का महापर्व है।

- एसडीएम व मुख्य नपा अधिकारी ने लिया घाट का जायजा

# नगर में आध्यात्मिक उत्सव का आगाज, रामभद्राचार्य पहुंचे पेंड्रा

## भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**पेंड्रा।** पेंड्रा में आध्यात्मिक उत्सव का आगाज हो गया है। पद्मविभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविन्द से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है, जिसके शुभारंभ पर शनिवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

जगतगुरु रामभद्राचार्य कथा वाचन के लिए पेंड्रा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज के आगमन पर पेंड्रा पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। वे जैसे ही कथा वाचन के लिए पेंड्रा पहुंचे, वहां भव्य शोभा यात्रा निकालकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जगतगुरु रामभद्राचार्य जी की सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके इसके लिए पेंड्रा के मल्टीपरपज ग्राउंड में विशाल व्यवस्था की गई है। कथा पंडाल को भव्य रूप दिया गया है और श्रोताओं के लिए



बैठने की बेहतर व्यवस्था की गई है। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी का पेंड्रा में यह पहला कथा वाचन कार्यक्रम है, जिसे लेकर क्षेत्र के भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। वहीं महाराज की एक झलक पाने के लिए भक्त सुबह से ही उमड़ पड़े। सात दिनों तक पेंड्रा में रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य भक्तों को मिलेगा। इसी क्रम में पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकालकर भागवत कथा की शुरुआत की गई।

# कस्तूरबा गर्ल्स स्कूल में एक दीपक मुख्यमंत्री के नाम पर कार्यक्रम

**मुंगेली।** गोवर्धन पूजा पर कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय विनोबा नगर में एक दीपक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना, राज्य गीत एवं राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया। विद्यालय के कम्प्यूटर शिक्षक रुपेश पाल ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत किया। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सुआ नृत्य ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने एक-एक दीप प्रज्जवलित कर "एक दीपक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम" समर्पित किया। अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि "अल्प समय में विद्यालय ने अत्यंत सुंदर एवं अनुशासित रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। दीपावली का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की, अर्थात अज्ञान पर ज्ञान के विजय का प्रतीक है।" विद्यालय के कोषाध्यक्ष धनेश सोलंकी ने अपने वक्तव्य में बताया कि "यह विद्यालय स्वर्गीय गीता राय की निजी संपत्ति से निर्मित है, जहां अभावग्रस्त बच्चियां अध्ययनरत हैं। शासन से इस विद्यालय को और अधिक सहयोग की अपेक्षा है।" कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## धान खरीदी को लेकर जारी किए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

# राजस्व एवं पुलिस विभाग ने ली ब्लॉक स्तरीय कोटवारों की बैठक

**मुंगेली।** राजस्व एवं पुलिस विभाग की ओर से ब्लाक स्तरीय ग्राम कोटवारों की आगामी धान खरीदी, एग्री स्टॉक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, मुसाफिरी, जन्म मृत्यु पंजी के संबंध मे बैठक ली गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने 25 अक्टूबर को तहसील के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय समस्त कोटवारों की बैठक तहसील कार्यालय में ली।

बैठक मे आगामी धान खरीदी, एग्री स्टॉक, मुसाफिरी, जन्म मृत्यु पंजी, ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा, सर्तकता बढ़ाने एवं अपराधों की रोकथाम के संबंध मे ग्राम कोटवारों को जागरूक कर महत्वपुर्ण बिंदुवार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आगामी धान खरीदी मे सुरक्षा-कानून व्यवस्था एवं मंडी मे धान ब्रिकी करने वाले आम नागरिकों को किसी प्रकार का कोई परेशानी ना हो इस संबंध में दिशा-निर्देश देकर धान खरीदी केन्द्र में ड्यूटी पृथक से लगाई गई। ग्राम कोटवारों को खेती, बीज, उर्वरक, कृषि रसायन, उपकरण और सिंचाई जैसी विभिन्न कृषि-संबंधी एवं किसानों को डिजिटल सेवाएं और जानकारी प्रदान करके कृषि में सुधार करने कृषकों को जागरूक करने जानकारी प्रदाय की गई। ग्राम कोटवारों को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए ग्राम में आने-जाने वाले बाहरी व्यक्तियों का रजिस्टर संधारण कर मुसाफिरी नजदीकी थाना मे सीचना देनें व ग्रामों मे होने वाले अवैध कार्यो को गोपनीय रूप से सूचना साथ ही ग्राम सचिव से समन्वय स्थापित कर अपने अपने ग्राम क्षेत्राधिकार मे जन्म मृत्यु पंजी का संधारण कर जिला कार्यालय में



कोटवारो की बैठक लेते पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी।

1 प्रति भेजने निर्देशित किया गया। ग्राम कोटवारों को नियमित रूप से तहसील, एसडीएस कार्यालय, थानों मे नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराना चाहिए, किसी भी आपात स्थिति मे, घटना, दुघर्टना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी जाए, जिससे अपराधों को त्वरित रूप से रोका जा सके। साथ ही ग्राम कोटवारों को ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्तकता एवं सायबर जागरूकता बढ़ाने के सक्रिय भुमिका निभाने के लिये जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा ग्राम कोटवारों को आश्वस्त कर ग्रामीण क्षेत्रों मे सूरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना एवं आगामी धान खरीदी व्यवस्थित रूप से करना था। इस मौके परमे डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शतरंज, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, नायब तहसीलदार हरीश यादव, दिलीप खाण्डे, श्वेता मेहर, उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा थाना प्रभारी जरहागांव, उपनिरी गिरजाशंकर यादव थाना प्रभारी फास्टरपुर एवं ब्लॉक स्तरीय ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) धर्मिष्ठा अखियानिया पति श्री निलेश अखियानिया, (2) निलेश अखियानिया पिता श्री रशीकलाल अखियानिया दोनों निवासी ओम जोन, शुभम विहार मुंगेली रोड बिलासपुर से इनके नाम पर मौजा मंगला प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित स्तार क्रमांक 37 भूखण्ड क्रमांक 5 खसरा नम्बर 990/2 रकबा 231 वर्गफुट की दुकान खरीदने का पक्का सौदा कर नगद एवं चेक के माध्यम से 16 लाख रुपए बयाना राशि दी जा चुकी है उक्त सौदा भूस्वामी के द्वारा किसी अन्य को विक्रय किया जाना है विक्रय उपरांत मेरे द्वारा दी गयी बयाना की राशि इनके द्वारा वापस लोटाई जानी है अतः आम को सूचित हो कि उक्त सौदा यदि कोई भी क्रय विक्रय करता है तो मुझे सूचित कर मुझ से सहमति प्राप्त कर उक्त सौदा क्रय विक्रय करें। अतः आम को सूचित हो।

भवदीय- पारुल अग्रवाल
पति श्री तुषार अग्रवाल
गंगानगर फेस-2 मंगला चौक के पास बिलासपुर
मो. 7000866078, 9179050019

**खबर संक्षेप**

### सड़क पर खड़े हैं सूखे पेड़, हो सकता है हादसा



**बिलासपुर।** शहर की सबसे व्यस्त सड़क लिंक रोड पर लगाए गए अलग अलग प्रजातियों के तीन पेड़ सूख गए हैं, इन पेड़ों को हटाया नहीं गया है। तेज हवा चलने पर ये पेड़ कभी भी गिर सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### मरम्मत के बाद छोड़ दिया मलबा, टकरा रहे लोग



**बिलासपुर।** तिफरा फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर दो दिन पहले स्लैब उखाड़कर साफ सफाई की गई है। काम पूरा होने के बाद मलबा इसी जगह छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क से आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में मलबे के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। शिकायत के बाद भी इस मलबे को निगम अमले द्वारा नहीं हटाया गया है।

### सड़क के किनारे रख दिया कबाड़



**बिलासपुर।** अंबेडकर चौक से जेल चौक की ओर जाने वाली सड़क को कबाड़खाना बना दिया गया है। इस सड़क पर यातायात पुलिस के स्टापर रख दिए गए हैं, आसपास कचरा भी फैला है, इससे सड़क से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### चाकू रखकर घूमते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हैप्पी स्ट्रीट में चाकू रखकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली एक युवक चाकू रखकर हैप्पी स्ट्रीट में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जूना बिलासपुर निवासी आकाश सोनी उर्फ निक्की पिता स्व. शिव कुमार सोनी को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने महुआ शराब बेचने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह को सूचना मिली कि बेल्हा में एक कोचिया भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बेच रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांव में दबिश देकर संजू चतुर्वेदी पिता छोटकू राम को पकड़ लिया। उसके पास से 14.5 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**बैगा आदिवासियों ने की थी मांग** | डिप्टी सीएम के प्रयास से किया जाएगा नवीनीकरण

# 32 करोड़ 34 लाख में सुधरेगी शिवतराई से केंवची के बीच 57 किमी की सड़क

**बिलासपुर।** कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर का रास्ता काफी खराब हो चुका है, जिसकी स्थिति सुधारने के लिए डिप्टी सीएम अरूण साव के प्रयास से 32 करोड़ 34 लाख 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस रास्ते के सुधारने से वर्षों से निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग पूरी होगी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया। प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी। धीरे-धीरे सड़कों की हालत जर्जर होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे.हैं। यहां से निकलना भी काफी मुश्किल हो जाता है।






### शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

### सड़क बनने में लगेगा समय

एटीआर प्रबंधन के अनुसार कोर जोन को छोड़कर बफर जोन की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग ने कई बार प्रस्ताव मांगा था, लेकिन टाइगर रिजर्व की कमान सेन्ट्रल के पास होती है। इसके कारण उनके प्रस्ताव को एनटीसीए के पास भेजा गया, जहां से केवल मरम्मत कार्य करने की अनुमति मिली थी। इस बार प्रदेश सरकार ने सड़क के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद उसे बनाने में अभी काफी समय लग सकता है।

**जीनस पैलेस में रात ढ़ाई बजे सिविल लाइन पुलिस की दबिश**

# शादी घर में जुआ खेलते भाजपा नेता, पार्षद सहित 14 जुआरी पकड़े गए, 2 लाख 17 हजार रुपए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने महाराणाप्रताप चौक स्थित शादी घर में दबिश देकर एक रूम में जुआ खेलते भाजपा नेता, पार्षद सहित 14 जुआरियों को पकड़ लिया। उनके पास से 2 लाख 17 हजार रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

24 अक्टूबर की रात सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि महाराणाप्रताप चौक स्थित जीनस पैलेस में रसूखदार जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री साहू ने स्टाफ के साथ रात 2.30 बजे यहां छापा मारा, रूम नम्बर 1 का दरवाजा अंदर से बंद नहीं था। पुलिस अंदर गई तो रसूखदार जुआरी आराम से बैठकर दांव लगा रहे थे। पुलिस को देखकर जुआरियों के पसीने छूट गए। पुलिस ने 14 जुआरियों को पकड़ लिया।

**पकड़े गए जुआरी**

- संतोष कौशिक पिता स्व. बाबूराम कौशिक ओमनगर जरहाभाठा भाजपा जिला उपाध्यक्ष
- मुन्ना श्रीवास पिता स्व. विश्राम श्रीवास 64 साल महामायापारा तखतपुर कांग्रेस पार्षद
- कैलाश देवांगन पिता स्व. चंदन देवांगन 40 साल होलिका चौक तखतपुर भाजपा पार्षद
- नैन साहू पिता स्व. मनीराम साहू 41 साल रामनगर तखतपुर भापजा मंडल अध्यक्ष
- प्रशांत मूर्ति पिता सीके मूर्ति 59 साल विनोबानगर
- नरेन्द्र रात्रे पिता स्व. मोहन लाल रात्रे 49 साल आजादनगर तखतपुर
- जाकिर खान पिता मो. हुसैन 53 साल पाठकपारा तखतपुर
- पवन पाण्डेय पिता स्व. जगदीश पाण्डेय 46 साल बेलसरी तखतपुर
- बउवा देवांगन पिता लक्ष्मी देवांगन 40 साल तखतपुर
- बल्लू पटेल पिता विश्वनाथ पटेल 32 साल दीनदयाल कालोनी मंगला
- क्रेगी मार्टीन पिता स्व. एम मार्टीन 51 साल विनोबानगर
- देवांश डोरा पिता प्रशांत डोरा 26 साल विद्यानगर
- विवेक मिश्रा पिता जेपी मिश्रा 47 साल विद्यानगर

### तारबाहर में 5 जुआरी पकड़े गए

तारबाहर पुलिस ने खुदीराम बोस चौक में दबिश देकर जुआ खेलते खुदीराम बोस चौक निवासी संतोष राज अहिरवार पिता स्वयं जगन्नाथ 44 साल, मल्लू अली पिता हैदर अली 28 साल, जवाहर लाल पिता सुखलाल चौधरी 46 साल, गौरव रजक पिता विजय कुमार रजक 26 साल व सरकण्डा कपिलनगर निवासी रजत तिवारी पिता शंकर तिवारी 26 साल को गिरफ्तार कर 2050 रुपए जब्त किया गया है।

**एसोसिएशन ने जताया विरोध**

# बिजली विभाग ने जेई की पदोन्नति का कोटा घटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की पावर कंपनियों द्वारा प्रदेश के इंजीनियरों और बेरोज़गार युवाओं का भविष्य ही संकट में डाल दिया है। सीएसपीडीसीएल में 4 सिंतबर और सीएसपीजीसीएल में मई 2025 से जेई की पदोन्नति का कोटा घटा दिया गया है। ऐसे में जेई सहायक यंत्री के पद पर प्रमोट नहीं हो सकेंगें।

- **विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**

खास बात यह है कि सीएसपीटीसीएल ने पहले ही 20 फीसदी पदोन्न्ति का कोटा लागू कर दिया है, जिसे बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इसके उलट पदोन्नति का कोटा घटाना इंजीनियरों के गले नहीं उतर रहा है।

जिली कंपनी में कर रहे जूनियर इंजीनियरों को पदोन्नति के लिए 25 वर्ष से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ेगा। कुछ सालों में सहायक यंत्री के सैकड़ों पद स्वतः रिक्त होंगे, जिससे शासन स्तर से भर्ती की जानी है। ऐसे में कोटा घटाना जूनियर इंजीनियरों के लिए अन्यायपूर्ण है। सीएसपीडीसीएल और सीएसपीजीसीएल का कोटा यथायत 70 फीसदी रखने और सीएसपीटीसीएल में भी कोटा रखने से पॉवर कंपनियों के पास 300 जूनियर इंजीनियर की भर्ती की जा सकती है। जिससे छत्तीसगढ़ के स्थानीय बेरोज़गार युवाओं को सीधा फायदा होगा।खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में जेई की भर्ती में ही स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि एई में बाहरी राज्य के अभ्यर्थी शामिल हो जाते है। जानकारों के अनुसार कंपनी के निर्णय से 168 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार कंपनी पर पड़ सकता है। इसी समस्या को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने आपत्ति दर्ज कराई है।

एसोसिएशन ने अपनी मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा है। वहीं प्रमोशन हेतु डीपीसी के बाद कनिष्ठ अभियंताओं का पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष श्री बीबी जायसवाल एवं प्रांतीय महासचिव समीर पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### संघ के संविदा कर्मचारी ने की मांग

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एचआर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। 2004 के बाद नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि,ऑन ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर क्षेत्र के अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे एवं क्षेत्रीय सचिव रायपुर शहर क्षेत्र नीलांबर सिन्हा उपस्थित रहे।

# छठ स्पेशल ट्रेन : अनरिजर्व में 50 और रिजर्व में 22 यात्री

**बिलासपुर।** पर्लपल्ली से 24 अक्टूबर को रवाना होने के बाद पटना की ओर जाने वाली छठ स्पेशल ट्रेन शनिवार की दोपहर बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंची। इस ट्रेन के लिए विशेष बंदोबस्त किए गए थे, लेकिन ट्रेन में यात्रियों की संख्या काफी कम थी। इसमें लगाए गए पांच जनरल कोच में 50 यात्री और एसी व स्लीपर कोच में केवल 22 यात्री ही सफर कर रहे थे।

- **21 कोच की पर्लपल्ली से पटना स्पेशल, जिसमें यात्रियों की संख्या थी केवल 72**

छठ पर्व पर बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ की संभावना को देखते हुए रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेंनों का परिचालन शुरु किया है। दूसरे जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों से छठ पूजा स्पेशल ट्रेन शुरु कर दी गई है, जिसमें करीब 170 फेरे के लिए ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। यात्रियों की भीड़ को संभालने और उन्हें सुविधा देने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल और डिवीजन स्तर पर सख्त आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद जोन के महाप्रबंधक सभी प्रमुख स्टेशनों पर जाकर विशेष रूप से मानिटरिंग कर रहे हैं। दूसरे स्टेशनों के साथ बिलासपुर डिवीजन और रायपुर डिवीजन के दुर्ग स्टेशन से रायपुर, उसलापुर होकर चलने वाली दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-आरा जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस में यात्रियों की काफी भीड़ हो गई है, जिसके कारण उनकी वेटिंग टिकिट भी क्लीयर नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर स्पेशल ट्रेन का हाल काफी बुरा हो गया है। स्पेशल ट्रेन यात्रियों को आरामदायक सफर के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन यात्री रेलवे बोर्ड की स्पेशल ट्रेन में सफर करने में किसी तरह की कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

इसी तरह की स्थिति शनिवार की दोपहर 2 बजकर 40 मिनट पर बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने वाली 07256 पर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन का रहा। पांच जनरल कोच, एसी एसी फर्स्ट, एक एसी टू, दो एसी थ्री, 12 स्लीपर कोच सहित 23 कोच के साथ बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंची स्पेशल ट्रेन में केवल 72 यात्री ही सवार थे, जो पटना के लिए सफर कर रहे थे।



### केवल 30 फीसदी अतिरिक्त चार्ज

रेलवे के अनुसार स्पेशल ट्रेन को यात्रियों की सुविधा के लिए ही परिचालन किया जा रहा है। इसमें जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच भी लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस स्पेशल ट्रेन में नार्मल ट्रेन में लगने वाले किराए की राशि में केवल 30 फीसदी अतिरिक्त चार्ज जोड़ा गया है। इसके बाद भी यात्रियों की संख्या कम होने के कारण रेलवे को नुकसान हो रहा है।

**बिजली कंपनी का चीफ इंजीनियर कार्यालय**

# एक पद स्वीकृत, तीन अधिकारी कर रहे काम

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर कार्यालय में अधीक्षण यंत्री का एक पद स्वीकृत होने के बाद भी 3 अधिकारियों को जबरिया बैठा कर कंपनी और शासन के रूपयों की बर्बादी की जा रही है।

- **अधीक्षण यंत्री कार्यालय का हाल**

चीफ इंजीनियर कार्यालय में 1 पद के विरूद्ध 3 अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। इसमें सिटी सर्किल के पूर्व अधीक्षण यंत्री पीआर साहू, पदोन्नत होकर आए राजेश कुमार झा और हाल ही में फोरम से आई स्मिता सूर्यवंशी जैसे अधिकारी शामिल हैं। शासन द्वारा कार्यालय में महज एक ही अधीक्षण यंत्री का पद स्वीकृत है, लेकिन लाखों रूपए के वेतन में यहां एक साथ तीनों अधिकारियों को बैठाकर रखा गया है। सूत्रों के अनुसार रायपुर कार्यालय को इसकी जानकारी तक नहीं भेजी गई है, ऐसे में सभी अधिकारी यहां जमे हुए हैं।

### शिकायत निवारण फोरम में 5 महिला अधिकारी

उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में सदस्यों की नवीन पदस्थापना की गई है। प्रदेश के 5 जिलों में गठित फोरम में सदस्यों के रूप में 5 महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, सभी अपने कार्य के अतिरिक्त फोरम में सदस्य की भूमिका निभाएंगें। इसमें बिलासपुर में पदस्थ फोरम सदस्य पीवीएस राजकुमार को हटाकर प्रीति रानी साव को जगह दी गई है। वहीं दुर्ग में ममता कश्यप, राजनांदगांव गीता ठाकुर, जगदलपुर चित्रा खत्री और अंबिकापुर में मेरी लिली तिर्की की पदस्थापना की गई है।

### पदस्थापना आदेश जारी नहीं किया गया

कार्यालय में एक ही पद स्वीकृत है, लेकिन तीनों अधिकारियों का कोई पदस्थापना आदेश जारी नहीं किया गया है। सभी अपना काम कर रहे है।

-एके अम्बस्ट
चीफ इंजीनियर

**हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यकता है**

हरिभूमि कार्यालय में क्लासीफाईड मार्केटिंग कार्य के लिए मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है
वेतन योग्यतानुसार/शिक्षा स्नातक।
स्वयं का वाहन होना अनिवार्य है
इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन भेजें।
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर छ.ग. फोन. 07752-401054

### तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** विवाद के बाद तलवार लहराकर धमकाते हुए युवक का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तलवार जब्त कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को घुटकू लोनियापारा में दो गुटों के बीच आपसी विवाद हो गया, जिससे एक युवक हाथ में तलवार रखकर दूसरे पक्ष को मार देने की धमकी दे रहा था। लोगों ने तलवार लहराते युवक का वीडियो वायरल कर दिया। उसके बाद भी पुलिस युवक की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को एएसआई अशोक चौरसियों ने दबिश देकर घुटकू निवासी सेठ्ठी उर्फ दाउराम लोनिया पिता जवाहरलाल लोनिया 34 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ठगे डेढ़ लाख

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र में एक युवक को वीडियो कॉल पर फंसाकर ठगों ने उससे करीब एक लाख 50 हजार रुपए वसूल लिए। महिला ने पहले वीडियो कॉल के जरिए अश्लील हरकतें कीं, फिर उसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वसूली की। पुलिस ने शिकायत पर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तोरवा के सूर्यवंशी मोहल्ले में रहने वाले सुनील कुमार सूर्यवंशी ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त की रात करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। जैसे ही उन्होंने कॉल रिसीव किया, महिला ने अपने कपड़े उतारने शुरू कर दिए और युवक को भी ऐसा करने के लिए कहा। थोड़ी देर बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि पूरी कॉल रिकॉर्ड कर ली गई है और वीडियो को यूट्यूब पर वायरल कर दिया जाएगा। अगले दिन एक और कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को डीएसपी बताया और कहा कि उनका अश्लील वीडियो यूट्यूब पर वायरल हो गया है, लेकिन वीडियो बनाने वाली महिला पकड़ी गई है। उसने वीडियो डिलीट कराने के लिए एक अन्य नंबर पर संपर्क करने को कहा। इसके बाद अलग-अलग बहानों से ठगों ने कुल एक लाख 50 हजार 400 रुपए वसूल लिए। काफी समय बाद जब युवक को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने तोरवा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411